हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 25 अक्टूबर 2026
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

A Project By
AADHARSHILA BUILDERS PVT.LTD.
SINCE 1994...

RERA No : PCGRERA230126002033

Vijaya श्री Heritage

62 Premium
APARTMENTS
3 & 4 BHK Premium Apartments

EXCEPTIONAL LUXURY IS ALL
YOURS AT JUST 1% MONTHLY EMI.

1% PAY MONTHLY EMI
0% Interest
WITH JUST 25%
(10%+15% Plinth Level)
BOOKING AMOUNT

• Grand Entrance • Elite Clubhouse • Open Terrace Garden • In-house Gymnasium

* T&C Apply



SCAN THIS QR FOR DETAILED BROCHURE

Site Address: Science College, Shanichari Road, Along Vijayapuram Colony, Bilaspur (C.G.)

A NEW ERA OF PROSPERITY,
PROGRESS & POWER BEGINS NOW



BALAJI
ARPA COMPLEX

IDEAL COMMERCIAL SPACES FOR:
• Corporate Offices
• Hospital & Clinics
• Coaching Institutes
• Service Centres
• Banks • Super Market
• Hotels & Restaurants

RERA NO.: PCGRERA260224001735 | Site Address: Guruvihar, Kapil Nagar, Sarkanda, Bilaspur (C.G.)

AADHARSHILA BUILDERS PVT.LTD.

AADHARSHILA BUILDERS PVT. LTD.
Corporate Address: Infront of Chhattisgarh Bhawan, Nehru Chowk, Bilaspur (C.G.)

CALL NOW:
9826533344, 9300321527

ACHARYA INSTITUTE

NEET I IIT-JEE I FOUNDATION I CUET

A PROMISE BEYOND EXCELLENCE

RESULTS... ही है, हमारी पहचान

New Admission Open Through Scholarship Test 2026-27

आरंभ

22nd NOVEMBER 2026



A-AST 2026-27 In Mungeli

SCHOLARSHIP TEST

FOR CLASS 5th 6th 7th 8th
CBSE BOARD (ENGLISH MEDIUM)

FOR CLASS 9th 10th 11th 12th
BIOLOGY/MATHEMATICS
SEPARATE EXAMS FOR CG & CBSE BOARD
(HINDI & ENGLISH MEDIUM)

UPTO 100% SCHOLARSHIP | Certificate of Excellence | TO CHECK YOUR POTENTIAL FOR NEET/IIT EXAMS & NTSE/OLYMPIAD. | UPTO RS. 1CR OF SCHOLARSHIP

100% FREE में कोचिंग*

हर कक्षा के टॉप 3 रैंक में आने वाले छात्रों को NEET & JEE में कोचिंग फ्री* (T&C APPLY)

SCAN NOW FOR REGISTRATION

OUR TOPPERS - NEET (UG) 2026



& MANY MORE RESULTS...

OUR TOPPERS - JEE MAIN & ADVANCED 2026



& MANY MORE RESULTS...

TOPPERS NEET - 2024



& MANY MORE .....

TOPPERS NEET - 2025



& MANY MORE .....

OUR TOPPERS - JEE MAIN & ADVANCED 2021 - 2025



& MANY MORE .....

ACHIEVEMENTS IN 5 YEARS: 500+ DOCTOR'S SELECTED IN GOVERNMENT MEDICAL COLLEGES | 300+ ENGINEERS SELECTED IN GOVERNMENT ENGINEERING COLLEGES

ON-THE-SPOT REGISTRATION IS ALSO AVAILABLE AT THE EXAM CENTER

For Contact Details : 7470461083

SUMMER COURSE 2027-28
FOR 8th, 9th, 10th, 11th & 12th
BIO & MATHS, CUET
45 Days

CUET/CRASH COURSE
(FOR HINDI & ENGLISH MEDIUM BOTH)

EXAM CENTER ACHARYA INSTITUTE, MUNGELI

ABOVE AXIS BANK, CITY KOTWALI,
OLD BUS STAND, MUNGELI (C.G.)

74704-61083

Offline का भरोसा अब Online में भी

SCAN FOR CHANNEL & SUBSCRIBE

RESULT MANTRA
POWERED BY ACHARYA INSTITUTE

JEE Target Excellence | NEET Doctor ka Sapna | FOUNDATION Strong Base, Bright Future

तापमान

अधिकतम 30.8 डिग्री

न्यूनतम 18.2 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 25 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



राजकिशोर नगर की सड़क हुआ खतरनाक गड्ढा।

खबर संक्षेप

सेनानी उत्तराधिकारियों का राष्ट्रीय सम्मेलन कल

बिलासपुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारियों का राष्ट्रीय सम्मेलन 26 अक्टूबर सोमवार को अमरकंटक स्थित यंत्र महामेरु शक्ति पीठ सोनमुड़ा रोड में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक संपन्न होगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने बताया कि सुबह 10 बजे राष्ट्रीय ध्वज वंदन सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रतिनिधियों का दोपहर 12 बजे तक राष्ट्रीय सम्मेलन, प्रस्ताव, प्रबोधन विचार मंथन होगा। अधिवेशन में भाग लेने राष्ट्रीय अध्यक्ष देशबंधु महामंत्री जितेंद्र रघुवंशी का अंतिम प्रबोधन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेनानी परिवार के स्वामी शरदपुरी महाराज महंत, अध्यक्ष श्रीयंत्र महामेरु शक्ति पीठ अमरकंटक धाम व अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारी रहेंगें।



बिलासपुर। राजकिशोर नगर की सड़क की हालत खराब है। इस सड़क का निर्माण अधूरा है। सड़क पर गिट्टी और सीमेंट की डस्ट डाल दी गई है। ऊर्जा पार्क से शनि मंदिर और मोपका चौक से लेकर धान मंडी तक सड़क पर भारी भरकम गड्ढे तो हैं ही, ट्रैफिक का दबाव अधिक होने के कारण यहां दिन रात धूल के गुबार उड़ते रहते हैं।

सिम्स के रिटायर्ड डॉक्टर से 3 करोड़ की ठगी

साइबर रेंज थाने में भी शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 7 लाख की ठगी का मामला सामने आया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स के रिटायर्ड डॉक्टर से शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर तीन करोड़ रुपए की ठगी कर ली गई। जानकारी के अनुसार डेढ़ महीने के भीतर ठगों ने डॉक्टर को अपने जाल में फंसाकर धोखाधड़ी की।

जानकारी के अनुसार ठगों ने डॉक्टर को शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने पर अच्छा रिटर्न मिलने का भरोसा दिलाया था। शुरुआत में उन्हें निवेश पर मुनाफा होता हुआ दिखाया गया, जिससे उनका भरोसा बढ़ा। इसके बाद वे लगातार रकम निवेश करते रहे। ठग उन्हें खाते में मुनाफा बढ़ने का झांसा देते रहे और निवेश की रकम भी बढ़वाते गए। जब डॉक्टर ने अपना मुनाफा निकालने की कोशिश की तो उनसे इसके एवज में अलग से पैसे मांगे गए। मुनाफा पाने की उम्मीद में उन्होंने कुछ रकम भी दे दी, लेकिन इसके बाद भी उन्हें भुगतान नहीं किया गया। ठग लगातार अलग-अलग तरीकों से रकम देने का दबाव बनाते रहे। जब उन्हें ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने संपर्क करने की कोशिश की तो आरोपियों ने अपने मोबाइल नंबर बंद कर दिए। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत की। मामले में सिटी कोतवाली थाने में अपराध दर्ज किए जाने की जानकारी सामने आई है। हालांकि, पीड़ित की पहचान और मामले की विस्तृत जानकारी आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक नहीं की गई है।

साइबर रेंज थाने में भी 7 लाख की ठगी की शिकायत

शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का लालच देकर ठगी का एक अन्य मामला भी सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, साइबर रेंज थाने में एक व्यक्ति से करीब सात लाख रुपये की धोखाधड़ी की शिकायत आई है। इस मामले में भी शेयर ट्रेडिंग में निवेश का झांसा दिए जाने की बात कही जा रही है। दोनों मामलों में निवेश के नाम पर ज्यादा रिटर्न का लालच दिए जाने की जानकारी सामने आई है।

दो मामले दर्ज किए गए हैं

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी के दो मामले आए हैं। दोनों मामलों में अपराध दर्ज कर आगे की विवेचना की जा रही है।

-**गगन कुमार**, सीएसपी, सिटी कोतवाली

ठेका कंपनी को अब तक 4 बार एक्सटेंशन, 50 लाख की पेनाल्टी से छूट भी दे दी गई

आखिर कोनी में बन रहा 30 करोड़ का कन्वेंशन सेंटर पूरा क्यों नहीं हो रहा



प्रमुख सुविधाएं और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर

ग्राउंड फ्लोर
- दुकानों के लिए स्थान

प्रथम तल
- कॉरपोरेट ऑफिस और कोचिंग के लिए स्थान

द्वितीय तल:
- 700 लोगों की क्षमता वाला ई-लाइब्रेरी
- वीआईपी रूम और वेटिंग हॉल

तृतीय तल:
- 500 लोगों की क्षमता का ऑडिटोरियम
- म्यूजिक रिकॉर्डिंग हॉल

अन्य सुविधाएं:
- फोर-व्हीलर और टू-व्हीलर पार्किंग
- लैंडस्कैपिंग और दो लिफ्ट आधुनिक टॉयलेट और आकर्षक डिजाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

» नए निगम कमिश्नर ही तीन बार कर चुके हैं अब तक निरीक्षण फिर भी अधूरा

» स्मार्ट सिटी का नया दावा, 20 नवंबर तक हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा

कोनी में 30 करोड़ की लागत से बन रहा कन्वेंशन सेंटर का काम दो साल बाद भी अधूरा है। हालांकि स्मार्ट सिटी का दावा है कि इसे 20 नवंबर तक हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा। स्मार्ट सिटी के एमडी प्रकाश कुमार सर्वे ने दो दिन पहले मौके का निरीक्षण कर ठेकेदार को फटकार भी लगाई है। इससे पहले अधिकारियों ने ठेका कंपनी पर एक तरह से मेहरबानी दिखाते हुए चार बार एक्सेंटशन दे दिया जबकि हर बार समय सीमा बढ़ाने से पहले काम में देरी के लिए पेनाल्टी का प्रावधान है।

दरअसल श्रध्दा कंस्ट्रक्शन कंपनी को 30 दिसंबर 2024 तक इसका काम पूरा करना था। इसके बाद 30 मार्च 2025 तक तीन महीने का एक्सटेंशन दिया गया लेकिन काम जस का तस ही रहा। इसके बाद कंपनी ने 20 दिसंबर 2025 तक का समय मांगा। तात्कालीन कमिश्नर ने 10 प्रतिशत पेनाल्टी लगाने की बात कही थी। बाद में इसे 50 लाख रुपए किया गया। हालांकि ठेका कंपनी को फिर से इस राशि से भी छूट दे दी गई। इधर यह भी फैसला लिया गया है कि इस सेंटर को निगम नहीं चलाएगा बल्कि इसे ठेके पर दिया जाएगा। गौरतलब है कि लगभग सवा एकड़ में फैला यह कन्वेंशन सेंटर 29 करोड़ 78 लाख रुपए की लागत से तैयार किया जा रहा है। दावा है कि यह बिलासपुर के रचनात्मक और सांस्कृतिक आयोजनों को नए आयाम देगा। स्मार्ट सिटी के मुताबिक यह सेंटर सभा, संगोष्ठी, प्रदर्शनी, कला और साहित्य से जुड़ी गतिविधियों के साथ गीत-संगीत और नाटकों के मंचन के लिए एक आदर्श स्थान बनेगा।

500 सीटर आडिटोरियम का काम जारी

अधिकारियों का दावा है कि स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी गेट के सामने बनाए जा रहे इस सेंटर से बिलासपुर का नाम उन शहरों में शामिल होगा, जहां बड़े आयोजनों के लिए अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर मौजूद हैं। हालांकि अभी काफी सिविल वर्क इसमें बाकी है। इसके साथ ही तृतीय तल पर 500 लोगों की क्षमता का ऑडिटोरियम का काम जारी है। इसमें कुर्सियां लगनीं बाकी बाकी है तो फिनिशिंग में समय लगेगा। इसके साथ ही सेंटर के बाहर एक छोटी सीसी रोड भी बनाई जानी है।

दी गई है चेतावनी

लंबे समय से बिलासपुर में एक ऐसे सर्वसुविधायुक्त कन्वेंशन सेंटर की कमी महसूस की जा रही थी, जहां एक ही स्थान पर बड़े और रचनात्मक आयोजनों की सुविधा हो। खासकर कला और साहित्य से जुड़े आयोजनों के लिए यह सेंटर एक बड़ा मंच प्रदान करेगा। यह सही है कि ठेका कंपनी ने काम सुस्त गति से किया है। उसे चेतावनी दी गई है और हर हाल में 20 नवंबर तक काम पूरा करने कहा गया है। इसका संचालन किसी एजेंसी को दिया जाएगा।

- **प्रकाश कुमार सर्वे**, निगम आयुक्त

हाथियों को देखकर पत्नी व बच्चों के साथ घर छोड़ भागा ग्रामीण

- हाथियों के झुंड की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मरवाही वन मंडल में हाथियों के झुंड को अपनी ओर आते देखकर एक ग्रामीण पत्नी और बच्चों को लेकर घर छोड़कर भाग निकला, जिसके कारण उसकी और परिवार की जान बच गई।

जानकारी के अनुसार मरवाही वन मंडल और लोरमी वनांचल क्षेत्र के ग्राम जमुनाही में शनिवार की सुबह हाथियों के झुंड की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। हाथियों की आवाज सुनकर एक ग्रामीण की नींद अचानक खुल गई। सामने हाथियों के झुंड को अपनी ओर आते हुए देख आनन-फानन में पत्नी व बच्चों को लेकर उसने घर छोड़ दिया और बस्ती की ओर भागकर अपनी और परिवार की जान बचाई। वहीं हाथियों के कारण कुछ मवेशियों व मकानों के नुकसान भी हुए। जानकारी के अनुसार पसान नदी किनारे से 52 हाथियों का दल मरवाही वन मंडल के क्षेत्र में पहुंच गया है। एक साथ 52 हाथियो को देखकर पूरा ग्रामीण एरिया भयभीत है। वहीं वन विभाग की टीम समिति और कोटवार के माध्यम से लगातार मुनादी कराते हुए ग्रामीणों को अलर्ट करने के साथ अकेले बाहर नहीं निकलने, जंगल की ओर नहीं जाने और हाथियों के साथ किसी भी तरह के छेड़छाड़ करने का अनुरोध कर रही है। वहीं जमुनाही निवासी नीलकंठ यादव ने सुबह 3 बजे हाथियों के दल के चिंघाड़ने की आवाज सुनी। घर से बाहर निकलकर टार्च की रौशनी में देखा तो हाथियों का दल उसके घर की ओर बढ़ रहा था। खतरे की आशंका को देखते हुए नीलकंठ यादव ने बिना विलंब किए अपनी पत्नी व बच्चों को आनन-फानन में नींद से उठा और अपने घर से सुरक्षित स्थान की तलाश में भाग निकला। हाथियों के झुंड से घर के पास खूंटे में बंधे मवेशी को कुचल दिया। जमुनाही के रेंजर गुलशन कुमार साहू ने बताया कि घटना में मवेशियों की मौत और संपत्ति को हुए नुकसान की आधिकारिक पुष्टि हुई है। इसमें मुआवजा प्रकरण बनाकर पीड़ित परिवार को दिया जाएगा। वहीं ग्रामीणों को भी लगातार हाथियों से अलर्ट करने का कार्य करने के अलावा स्पेशल टीम निगरानी कर रही है।

लगातार आ रही थी शिकायत के बाद नई कवायद

फिटनेस सेंटर की भर्राशाही पर लगेगी लगाम टीआई की देखरेख में जारी होगा सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर सहित प्रदेश के ज्यादातर ऑटोमेटिक फिटनेस सेंटर में उगाही, बारकोड-रेडियम, बिना जांच के सर्टिफिकेट देने के मामले को परिवहन विभाग ने गंभीरता से लिया है। नई कवायद यह है कि अब आटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन में परिवहन अधिकारियों का सुपरविजन होगा, इसके बाद ही सर्टिफिकेट जारी किया जा सकेगा।

- आटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन का कर सकेंगें सुपरविजन

दरअसल आटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन में नियमों को धत्ता बताकर प्राइवेट एजेंसी द्वारा मनमाने तरीके से काम किया जा रहा है, फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने के लिए वाहन मालिक व ड्राइवरों से वसूली की जाती रही है। 2 हजार रुपए की रेडियम 2500 रुपए में लगाई जाती है। इसके साथ ही कई बार स्ट्रिंग में सामने आ चुका है कि दलालों के द्वारा बिना जांच के लिए सर्टिफिकेट जारी कर दिया जा रहा है, इसकी भनक रायपुर कार्यालय को लगने के बाद प्रदेश के 9 आटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन में परिवहन निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, सभी निरीक्षकों को सेंटर का सुपरविजन करना है साथ ही फर्जी तरीके से बनाई जा रही सटिफिकेट को रोकने का दायित्व दिया गया है।

निरीक्षक की ड्यूटी लगाई गई है

उच्च कार्यालय द्वारा पत्र प्राप्त हुआ था, हमने एक निरीक्षक की ड्यूटी लगाई है। उनका काम सुपरविजन करना है और निर्धारित मानकों के अनुसार फिटनेस जारी हो रहा है या नहीं इसकी देखरेख करना है।

- **असीम माथूर**, आरटीओ, परिवहन विभाग

एक ही एजेंसी को दिया गया काम

वाहन मालिकों का आरोप है कि बारकोड -रेडियम उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी एक ही एजेंसी के मास है। इसके अलावा किसी अन्य एजेंट को न तो रेडियम लगाने की अनुमति है और न ही शासन की ओर से सप्लाई दी जा रही है। इसे लेकर मोनोपॉली सिंडिकेट पर जमकर बवाल मच चुका है। इसी साल मई माह में वाहन मालिकों ने कलेक्टर से शिकायत भी की थी। 5 से 7 हजार में बिना जांच के फिटनेस सर्टिफिकेट मिलने की खबर प्रकाशित हो चुकी है, जिसके बाद विभाग ने टीआई को सुपरविजन सौंपा है।

छोटी कमियों पर अतिरिक्त वसूली

वाहन मालिकों ने फिटनेस सेंटर में अलग-अलग कारण बताकर अतिरिक्त रकम वसूलने का आरोप लगाया था। जिसमें विंडशील्ड में मामूली क्रेक होने पर 1000 रुपए, हाइवा का डाला ज्यादा मिलने पर 2000 रुपए, नंबर प्लेट गायब होने पर 1000 रुपए और इंडिकेटर हेडलाइट खराब होने पर 500 रुपए लेकर गाड़ियों को पास किया जा रहा है।

मनियारी नदी और डोंगानाला पर बनेंगे 14.26 करोड़ के पुल

बिलासपुर। लोक निर्माण विभाग ने मुंगेली और बिलासपुर जिलों में दो नए उच्च स्तरीय पुलों के लिए राशि मंजूर की है। दोनों पुलों और उनके पहुंच मार्गों के निर्माण के लिए कुल 14 करोड़ 25 लाख 97 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने दोनों कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति के आदेश जारी कर दिए हैं। इनमें मुंगेली जिले के तखतपुर-बरेला मार्ग पर मनियारी नदी में मौजूदा जलमग्नीय पुल के स्थान पर उच्च स्तरीय पुल तथा बिलासपुर जिले के बेलगहना-कोंचरा-खोंगसरा मार्ग पर डोंगानाला में उच्च स्तरीय पुल के निर्माण शामिल है। दोनों पुलों के साथ पहुंच मार्ग भी बनाए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग ने तखतपुर-बरेला राज्य मार्ग में मनियारी नदी पर जलमग्नीय पुल के स्थान पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए 7 करोड़ 67 लाख 11 हजार रुपए मंजूर किए हैं। वर्तमान में वहां जलमग्नीय पुल होने के कारण नदी का जलस्तर बढ़ने पर आवागमन प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है। नए उच्च स्तरीय पुल के निर्माण से इस मार्ग पर आवागमन अधिक सुरक्षित और सुगम हो सकेगा। विशेष रूप से बारिश के मौसम में लोगों को राहत मिलेगी और सड़क संपर्क की निरंतरता बनाए रखने में मदद मिलेगी। विभाग ने बेलगहना-कोंचरा-खोंगसरा मार्ग पर डोंगानाला में उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के लिए 6 करोड़ 58 लाख 86 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। राज्य शासन ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता को दोनों कार्यों में गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं।



खबर संक्षेप

प्रशासन ने कराया आंगनबाड़ी भवन की जमीन को कब्जामुक्त



तखतपुर। आंगनबाड़ी भवन के लिए चिंहित भवन पर बेजा कब्जा करने वाले व्यक्ति से तहसीलदार ने ढनढन पहुंचकर कब्जा मुक्त कराया। गत दिवस सरपंच ने तहसीलदार को आवेदन दिया था कि गांव में आंगनबाड़ी भवन के लिए स्थल चिंहित किया गया था और वहां पर निर्माण कार्य से संबंधित प्रक्रिया प्रांरभ कर दी गई थी परंतु गांव का ही सुरेंद्र साहू ने कब्जा कर निर्माण कार्य बाधित कर दिया था। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार राहुल साहू आज घटना स्थल पर पहुंचें और सुरेंद्र साहू से कब्जा मुक्त कराया अब कब्जा मुक्त हो जाने से गांव में आंगनबाड़ी भवन बनकर तैयार हो जाएगा।

श्री राम मंदिर में दिया वाटर कूलर दान

तखतपुर। श्री राम मंदिर में व्यवसायी राजेश अग्रवाल ने अपने माता और पिता की याद में वाटर कूलर दान में दिया है। व्यवसायी राजेश अग्रवाल ने अपने स्वर्गीय पिता सागरमल अग्रवाल माता स्व इंद्रमणी अग्रवाल की याद में मंदिर में वाटर कूलर दान में दिया है राजेश अग्रवाल ने कहा कि मंदिर एक सार्वजनिक स्थल है जहां पर श्रद्धालू सहित आमजन पहुंचते है। इन्हें आसानी से शुद्ध और स्वच्छ पेयजल मिल सके इसके लिए यह कूलर लगाया गया है। मेरे पिता की इच्छा रही कि ऐसी जगह पर पेयजल की उपलब्धता होनी चाहिए। जहां आसानी से आम लोगों को पेयजल मिल सके। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष टेकचंद कारड़ा, रोहन सिंह ठाकुर, अनिल सिंह ठाकुर, कोमल ठाकुर, जुगल किशोर पाण्डेय, रोहित सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।



जुआ खेल रहे आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा



तखतपुर। जुआरियों के पास से पुलिस ने नकदी जब्त करते हुए उनके खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत मामले को जांच में लिया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गिरधौना के गौठान के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने छापा मारकर लेखू सिंगरौल पिता लतेल 35 वर्ष निवासी ग्राम मोंछ, भुलउ राम सिंगरौल पिता सीताराम 39 वर्ष, निवासी ग्राम मोंछ, सुनील सिंगरौल पिता रूपचंद 32 वर्ष निवासी ग्राम मोंछ, संतोष ध्रुव पिता बेदूराम 40 वर्ष, निवासी ग्राम मोंछ, नरेन्द्र सिंगरौल पिता अजय 36 वर्ष, निवासी ग्राम गिरधौना, नोहर कुमार सिंगरौल पिता पुनाराम 45 वर्ष, निवासी ग्राम गिरधौना, भागीरथी साहू पिता प्रहलाद निवासी ग्राम गिरधौना, श्रवण कुमार जायसवाल पिता रामरतन 42 वर्ष, निवासी ग्राम गिरधौना, दशरथ कैवर्त पिता फेकू कैवर्त 28 वर्ष, निवासी ग्राम गिरधौना के पास 10,500 रुपए नकद, 52 ताशपत्ती, एक बोरी फट्टी और एक अधजली मोमबत्ती जब्त करते हुए। छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत मामले को जांच में लिया है।

तालाब में मिला घर से लापता बालक का शव

तखतपुर। घर से लापता 14 वर्षीय बालक का शव तालाब में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा पोस्टमार्टम उपरांत शव को परिजनों को सौंपते हुए मामले को जांच में लिया है।



जानकारी के अनुसार ठाकुरकापा तालाब के 14 वर्षीय नाबालिग बालक का शव तैरता हुआ मिलने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। मृतक की पहचान देवेंद्र पटेल के रूप में हुई है। जांच के दौरान पता चला कि बालक शारीरिक और मानसिक रूप से बीमार था तथा घर से लापता हो गया था। परिजन उसकी तलाश में जुटे हुए थे और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने तखतपुर थाने पहुंचे थे। इसी दौरान तालाब में शव मिलने की सूचना मिली तब जाकर जब देखे तो वह देवेंद्र पटेल का ही था। विदित हो कि देवेंद्र पटेल 22 अक्टूबर से लापता था और उसकी खोजबीन की जा रही थी। 23 अक्टूबर को उसकी शव मिली। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर पंचनामा पोस्टमार्टम उपरांत शव को परिजनों को सौंपते हुए मामले को जांच में लिया है। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर पंचनामा पोस्टमार्टम उपरांत शव को परिजनों को सौंपते हुए मामले को जांच में लिया है।

भूमि विकास नियमों में संशोधन से मिलेगी राहत



तखतपुर। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने राज्य सरकार द्वारा भूमि विकास नियमों में किए गए हालिया संशोधनों को जमीनी स्तर के व्यापारियों और आम नागरिकों के लिए एक बड़ी राहत करार दिया है। कैट तखतपुर चैप्टर के जनरल सेक्रेटरी परवेज भारमल ने कहा कि 1984 के पुराने और जटिल नियमों में बदलाव कर सरकार ने एक प्रगतिशील कदम उठाया है, जिसका सीधा लाभ स्थानीय बाजार और अर्थव्यवस्था को मिलेगा। परवेज भारमल ने नई नेगेटिव लिस्ट प्रणाली को एक गेम-चेंजर बताते हुए कहा, सालों से छोटे दुकानदारों और व्यापारियों को अपनी ही जमीन पर किसी भी प्रकार के व्यावसायिक निर्माण या बदलाव के लिए सरकारी दफ्तरों के अनगिनत चक्कर लगाने पड़ते थे। इस जटिल प्रक्रिया में समय और धन दोनों की बर्बादी होती थी। अब सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जो काम प्रतिबंधित सूची में नहीं हैं, उन्हें करने की पूरी आजादी होगी। इससे व्यापारियों को प्रशासनिक उलझनों और बेवजह की कागजी कार्यवाही से हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाएगी।

महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता बिलासपुर ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा



महिला खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय, बिल्हा में 23 एवं 24 अक्टूबर 2026 को परिक्षेत्र स्तरीय वॉलीबॉल (महिला) प्रतियोगिता 2026–27 आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बिलासपुर सेक्टर के 13 महाविद्यालयीन महिला वॉलीबॉल दलों ने भाग लिया।

आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सावित्री त्रिपाठी की अध्यक्षता में तथा क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार चौरसिया के संयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश शर्मा, अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति थे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. शारदा कश्यप, डॉ. संतोष बाजपेयी, डॉ. प्रमोद तिवारी तथा डॉ. प्रमोद कुमार तिवारी, खेल संचालक, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में नवनिर्मित वॉलीबॉल कोर्ट का उद्घाटन किया गया। शासकीय बिलासा महाविद्यालय, बिलासपुर की टीम ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त मैचों का संचालन रेफरी मनोज कुमार साहू, पीयूष साहू एवं दुर्गेश साहू द्वारा किया गया। आयोजन में आयोजन सचिव डॉ. आलोक कुमार चौरसिया, डॉ. अजय सिंह, डॉ. सुनील गौराहा, डॉ. सुरेश सिंह पवार, मुकेश बिहारी घोरे, डॉ. बसंत आंचल, डॉ. जितेंद्र कुमार मिश्रा, डॉ. आशीष बाजपेयी, डॉ. आलोक शर्मा, डॉ. रंजीत पवार, डॉ. देवर्षि चौबे, शोभाराम टाइगर, राजेश सिंह, सीपी सिंह, अविनाश निर्मलकर, ओंमकार जायसवाल, लोकेश यादव, कुमारी सविता, डॉ. यामिनी जायसवाल एवं नितीश शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी उपस्थित रहे।



खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने भाजपा सरकार प्रतिबद्ध

मस्तूरी। जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम नवागांव में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि एवं भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चंद्रप्रकाश सूर्या थे।

चंद्रप्रकाश सूर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने खेलो इंडिया जैसी महत्वाकांक्षी पहल के माध्यम से देश में खेल संस्कृति को नई पहचान दी है। आज गांव-कस्बों और छोटे शहरों की प्रतिभाओं को भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने ग्राम पंचायत नवागांव के विकास के लिए 9:50 लाख रुपए स्वीकृत किए जाने की बात कही। मुख्य अतिथि राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में आयोजित ऐसी प्रतियोगिताएं खेल प्रतिभाओं को निखारने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती हैं। इस अवसर पर जनपद सदस्य भास्कर पटेल, विशाल मिश्रा, प्रशांत यादव, विकास पटेल, भिलाई सरपंच हरदीप सूर्या, जांजी सरपंच राजेंद्र पाटले, कौड़िया सरपंच धनेश्वर साहू, मुड़पार सरपंच दिलीप मन्नेवार, रामखेलावन यादव एवं हर्ष केडिया सहित आयोजन समिति के सदस्य मुकेश पटेल, रामानंद पटेल, पूर्व सरपंच बलराम, मनीष जगत, राजेश जगत, परमेश जगत, रामप्रसाद पटेल, संदीप, अयान, अश्विनी पटेल, हिमांशु, अरविंद जांगड़े, सुशील रात्रे एवं कन्हैया आदिले आदि मौजूद थे।

बिजली विभाग की टीम ने 81 जगहों पर की जांच

मुंगेली। विद्युत विभाग के द्वारा बकाया बिजली बिल एवं बिजली चोरी के खिलाफ व्यापक स्तर पर कार्रवाई की गई। अधीक्षण यंत्री सुरेश जांगड़े के निर्देश पर कार्यपालन यंत्री एस के सोनी के द्वारा मुंगेली संभाग अंतर्गत 8 टीम बनाकर जांच कराई गई।

गौरतलब हो कि बिजली कंपनी के द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं एवं बिजली बिल की बकाया होने से स्मार्ट मीटर के द्वारा ऑटोमेटिक लाइन काटने की कार्रवाई की गई थी किंतु कुछ उपभोक्ताओं के द्वारा बिना बिजली बिल का भुगतान किये बिजली मीटर को बाईपास कर बिजली का उपयोग किया जा रहा था इसके खिलाफ विद्युत विभाग द्वारा टीम बनाकर बड़े स्तर पर कार्रवाई की गई। उक्त टीम में मुंगेली, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, बलौदा बाजार के टीमों के द्वारा 81 जगह पर जांच की गई, जिसमें 39 जगह पर अनियमितता पाई गई। 15 लोगों के द्वारा मीटर बायपास कर एवं



डायरेक्ट हुकिंग कर चोरी करते पाए गए, साथ ही घरेलू कनेक्शन से व्यावसायिक उपयोग करते पाए गए। इन सभी पर कंपनी के नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है चोरी के प्रकरणों में एफआईआर की तैयारी भी की जा रही है।

रेलवे आरक्षण केन्द्र शुरू कराने की मांग

मुंगेली। नगर में रेलवे आरक्षण केंद्र के जरिए लोगों को टिकट बुकिंग की सुविधा मिल रही थी, वह भी अब बंद हो गई। वहां पर अभी ताला लटका दिया गया है। जिले के लोगों के लिए रेलवे की सुविधाएं पहले ही किसी सपने से कम नहीं थीं। जिले में आजादी के बाद से आज तक रेल लाइन नहीं पहुंची सकी। नागरिकों ने जनप्रतिनिधियों एवं जिम्मेदार लोगों से रेलवे आरक्षण केन्द्र को जल्द से जल्द शुरू कराने की मांग की है।

वर्ष 2014 से रेलवे टिकट बुकिंग के लिए जिले के मध्य पुराना बस स्टैण्ड में रेलवे आरक्षण केंद्र संचालित किया जा रहा था। जिले का एकमात्र रेलवे आरक्षण केंद्र था जो कि अभी पिछले कुछ सप्ताह से बंद पड़ा है। नतीजा यह है कि हजारों यात्रियों जिनको इस काउंटर से सुविधा मिलती थी उनकी परेशानी अब बढ़ गई है। टिकट बुक कराने के लिए लोगों को करीब 50 किलोमीटर दूर बिलासपुर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। वहीं, स्थानीय स्तर पर टिकट एजेंटों के सहारे काम चलाने की मजबूरी के बीच यात्रियों से अच्छी खासी मोटी रकम भी वसूले जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। जिले के लोगों

- नगर के लोगों को नहीं मिल रही सुविधा
- पहले मिलती थी सुविधा वह भी अब हो गई है बंद

को रेलवे की बुनियादी यात्री सुविधा के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में जिले में रेल लाइन तो दूर रेलवे आरक्षण केंद्र जैसी सीमित सुविधा को भी सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रही है। मुंगेली और आसपास के लगभग 100 किलोमीटर के क्षेत्र के यात्रियों को रेलवे आरक्षण केंद्र से सहूलियत मिल रही थी। लेकिन केंद्र बंद होने से यात्रियों को टिकट बुकिंग के लिए अतिरिक्त समय, पैसा और मेहनत खर्च करनी पड़ रही है। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं, मरीजों और उन परिवारों को हो रही है, जिन्हें इलाज, नौकरी, पढ़ाई या अन्य जरूरी कामों के लिए दूसरे शहरों की यात्रा करनी पड़ती है।

स्थानीय आरक्षण केंद्र बंद होने के कारण यात्रियों को निजी टिकट एजेंटों पर निर्भर होना पड़ रहा है। आरोप है कि एजेंटों द्वारा टिकट बनवाने के नाम पर भारी रकम वसूली जा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब रेलवे की अपनी व्यवस्था मौजूद है, तो आम जनता को अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाने की नौबत क्यों आ रही है? जिले में रेल लाइन की मांग लंबे समय से उठती रही है। ऐसे में कम से कम रेलवे आरक्षण केंद्र का नियमित संचालन सुनिश्चित करना तो रेलवे और संबंधित अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए।

स्व-सहायता समूह की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



मुंगेली। ग्राम पंचायत नवागांव (घुठेरा) में सरपंच नारायण साहू की उपस्थिति में महिला स्व-सहायता समूह की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण, स्वरोजगार, सरकारी योजनाओं का लाभ, स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, महिला सुरक्षा और ग्राम विकास सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की गई।

बैठक में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा स्व-सहायता समूहों के माध्यम से रोजगार के नए अवसर विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। महिलाओं को बचत की आदत अपनाने, बैंकिंग सुविधाओं का लाभ लेने, स्वरोजगार गतिविधियों से जुड़ने और अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही पात्र महिलाओं को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, पेंशन एवं राशन संबंधी समस्याओं, गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण, आंगनबाड़ी व्यवस्था, बालिका शिक्षा तथा महिला सुरक्षा जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। बैठक में गांव की स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, सार्वजनिक सुविधाओं और पंचायत के विकास कार्यों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही नशामुक्ति, सामाजिक जागरूकता और गांव के समग्र विकास में महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया। सरपंच नारायण साहू ने कहा कि महिलाओं का सशक्तीकरण ही परिवार और समाज की मजबूती का आधार है। महिला स्व-सहायता समूह केवल बचत का माध्यम नहीं, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, रोजगार से जोड़ने और गांव के विकास में उनकी भागीदारी बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ग्राम पंचायत का प्रयास रहेगा कि महिलाओं की समस्याओं और सुझावों के आधार पर संबंधित विभागों से समन्वय कर आवश्यक पहल की जाए। बैठक का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को जागरूक, आत्मनिर्भर और संगठित बनाते हुए ग्राम पंचायत के विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।



डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर जागरूकता कार्यक्रम

मुंगेली। बीआरएसएम कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय तथा अनुसंधान केंद्र में भारत के पूर्व राष्ट्रपति महान वैज्ञानिक एवं भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर जागरूकता एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ. जितेन्द्र सिन्हा ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के प्रेरणादायी जीवन, उनके संघर्ष, वैज्ञानिक योगदान तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्हें राष्ट्रऋषि के रूप में वर्णित किया। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन त्याग, समर्पण, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा का प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने विद्यार्थियों को डॉ. कलाम के जीवन से प्रेरणा लेते हुए कठिन परिश्रम, अनुशासन, दृढ़ संकल्प एवं सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. देबाशीष पाढ़ी सहायक प्राध्यापक ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉण कलाम के जीवन से जुड़े प्रेरणादायी प्रसंगों को साझा किया तथा विद्यार्थियों को बड़े सपने देखनेए निरंतर प्रयास करने और अपने ज्ञान एवं कौशल के माध्यम से राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में डॉ. कलाम के आदर्शों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, राष्ट्रप्रेम एवं कर्तव्यनिष्ठा की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोनिका सिंघई, सहायक ग्रंथपाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के साथ हुआ।

जिले में 8 नए गौधामों को प्रशासनिक स्वीकृति

मस्तूरी। छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग द्वारा गौधाम योजना के अंतर्गत बिलासपुर जिले में 8 गौधामों की स्थापना के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। गौसेवा आयोग जिला समिति के अध्यक्ष धीरेन्द्र दुबे के प्रयासों से जिले में गौवंश के संरक्षण, संवर्धन एवं सुरक्षा के लिए सुविधाओं के विस्तार का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इस सूची में जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत पाराघाट, लावर, किरारी, काठाकोनी, घुटकु, छतौना, निरतु एवं शहरी क्षेत्र से मोपका शामिल है। इन गौधामों की स्थापना से निराश्रित एवं बेसहारा गौवंश के लिए आश्रय, चारा-पानी तथा आवश्यक देखभाल की व्यवस्था विकसित करने में सहायता मिलेगी। साथ ही गौवंश को सुरक्षित रखने और पशुओं के बेहतर प्रबंधन की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किया जा सकेगा।

वीबीजीरामजी योजना को लेकर दिए निर्देश

सफल क्रियान्वयन पर कार्यशाला

मुंगेली। जनपद पंचायत के सभाकक्ष में वीबीजीरामजी योजना के सफल क्रियान्वन हेतु तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक का संयुक्त कार्यशाला सह समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने की।

जिला पंचायत सीईओ द्वारा उक्त कार्यशाला में योजनांतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायतों में 5 साल के लिए बेहतर वीजीजीपी तैयार करने हेतू विस्तृत जानकारी दिया गया चर्चा किया गया। ग्राम पंचायत में अधिक से अधिक श्रमिको को रोजगार उपलब्ध कराने, मानक मापदंड अनुसार गुणवत्तायुक्त कार्य कराने प्रगतिरत कार्यो को पूर्ण कराने एवं नागरिक सूचना पटल बनाने महिला मेट नियुक्त करने एनएमएमएस में 2 बार उपस्थिति दर्ज करने तथा योजना के सभी बिंदुओं में प्रगति तथा



सभी को योजना में सक्रियता से कार्य करने एवं योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु चर्चा समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया। सहायक परियोजना अधिकारी के द्वारा योजनांतर्गत सभी महत्वपूर्ण बिन्दूओं तथा प्रवाधान अनुसार आगामी कार्ययोजना, कार्य स्वीकृति के सम्बद्ध में प्रस्तुतिकरण सहित विस्तृत जानकारी दिया गया। उक्त कार्यशाला में उपसंचालक पंचायत, सीईओ जनपद पंचायत संतोष घोसले, जनपद स्तर के सभी अधिकारी कर्मचारी एवं सभी ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

निधन

देवान सिंह परिहार

बिलासपुर। ग्राम खुटेरा निवासी



देवान सिंह परिहार का 24 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 68 साल के थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम खुटेरा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे कुशाल सिंह परिहार के भाई एवं ऋषि सिंह परिहार, कामिनी, कविता क्षत्रिय के पिता थे।

ममता मिश्रा

बिलासपुर। डीपूपारा चौक



तारबाहर निवासी राजीव मिश्रा की धर्मपत्नी भारतीय जनता पार्टी, रेलवे मंडल महिला मोर्चा की मंत्री ममता मिश्रा का 50 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 अक्टूबर को सुबह 10 बजे मधुबन्द दयालबंद में किया जाएगा। वे गोड़पारा निवासी मून,राजू, मुन्ना दीक्षित की छोटी बहन थी।

संजय राव पैठणकर

बिलासपुर। भगत सिंह स्कूल के



पास सरकंडा निवासी संजय राव पैठणकर का 24 अक्टूबर को निधन हो गया। वे संतोष पैठणकर के भाई, प्रांजल, अभिषेक, परी के पापा और वासु पैठणकर के चाचा थे।

रतनदास मानिकपुरी

बिलासपुर । जिले के प्रसिद्ध



पीलिया वैद्य एवं तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत देवरी खुर्द निवासी रतन दास मानिकपुरी का 85 वर्ष की आयु में 23 अक्टूबर शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं चार पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके अंतिम यात्रा में परिजनों सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

शीतला पाली

पथरिया। बिलासपुर के बंधवापारा



निवासी श्रीमती शीतला पाली का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे रामकुमार पाली की धर्मपत्नी तथा राजू पाली एवं रिंकू पाली की माता थीं।

दीपक मिश्रा

सकरी। बजरंगपारा निवासी दीपक



मिश्रा का 24 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रामावतार मिश्रा बछेरा वाले के पुत्र एवं देव मिश्रा के भाई थे।

राजाराम अग्रवाल

बिल्हा। नगर की प्रतिष्ठित फर्म शंकर पोहा उद्योग के संचालक



राजाराम अग्रवाल का 24 अक्टूबर को निधन हो गया। वे मनोज अग्रवाल के पिता तथा स्व. चौथमल अग्रवाल, स्व. गिरधारी लाल अग्रवाल के छोटे भाई एवं फतेचंद अग्रवाल के बड़े भाई थे। उनकी अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

न्यायालय नवम जिला न्यायाधीश बिलासपुर
जिला-बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
मनिहार निषाद उम्र 57 वर्ष
पिता स्व.शंकर निषाद
निवासी दोमुंहानी, हाल मुकाम देवरीखुर्द
वार्ड नं. 42 .नं. पा.नि.मु.पो. देवरीखुर्द
थाना–तोरवा, तह.व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
.....अपीलार्थी
''विरूद्ध''
श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल उम्र 46 वर्ष
पति स्व.सत्यनारायण अग्रवाल निवासी मु.पो. तोरवा तह.व जिला बिलासपुर (छ.ग.) वगै.
.....उत्तरवादीगण
प्रति,
आम जनता...
ग्राम दोमुहानी
प्रोसेस नम्बर 438/26
अपील प्रकरण क्रं. A/22/2026
आदेश दिनांक 12/10/2026
पेशी दिनांक 28/11/2026
आम सूचना
आवेदक/अपीलार्थी मनिहार निषाद ग्राम दोमुहानी के कृषि भूमि से संबंधित प्रथम अपील अपीलार्थी ने उत्तरवादीगण के विरूद्ध वाद प्रस्तुत किया है जिसकी सुनवाई पेशी दिनांक 28.11.2026 को नियत है। अतः इस आम सूचना ईश्तहार प्रकाशन जो उपरोक्त प्रकरण से संबंधित हो, सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 28.11.2026 को प्रातः 11.00 बजे स्वयं / अथवा ऐसे अधिवक्ता के साथ उपस्थित होवें। जिसे प्रकरण के संबंध सम्यक जानकारी हो एवं अपीलार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील में जवाबदावा प्रस्तुत कर सके। अन्यथा मामले में एकतरफा सुनवाई कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हों तो आगामी कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी अस्तु आम सूचना सूचित हो।
आज दिनांक 15.10.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील/मोहर लगाकर संबंधित प्रकरण में जो प्रकरण से संबंधित हों, के लिए ईश्तहार आम सूचना दैनिक समाचार पत्र प्रकाशन के द्वारा सूचित हो। मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
दिनांक : 15.10.26
न्यायाधीश
(अगम कुमार कश्यप)
नवम जिला न्यायाधीश
बिलासपुर (छ.ग.)

संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर (छ.ग.)
// धारा-30 (ख) के अधीन भूखण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना //
जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री गिरीश कुमार पालीवाल पिता विजय कुमार पालिवाल, पता- मकान नं 76, पालीवालन मशीनरी, त्रिवेणी भवन, व्यापार विहार, बिलासपुर (छ.ग.) जो ग्राम तिफरा, प.ह.नं. 40, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित खसरा क्रमांक 46/3, 46/4 व अन्य खसरा कुल रकबा 43.532 एकड़ में इस कार्यालय के आदेश पत्र क्रमांक 10072, दिनांक 28.11.2019 (संशोधन पत्र क्रमांक 4315 दिनांक 02.08.2024) द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित आवासीय प्रयोजन के भूखण्ड क्रमांक C-122, C-123 क्षेत्रफल क्रमशः 0.0240 हे., 0.0120 हे. कुल रकबा 0.0360 हेक्टेयेर (360 वर्गमीटर) के स्वामी है, द्वारा उपरोक्त भूखण्डो के संविलियन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलय के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत करना चाहते है तो इस कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित रूप से सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा संविलियन किये जा रहे भूखंडों का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर (छ.ग.) न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग, द्वितीय तल, कलेक्ट्रेट परिसर, बिलासपुर (छ.ग.) में कार्यालयीन समय के दौरान किया जा सकता है।
-हस्ता.
प्र. संयुक्त संचालक नगर
तथा ग्राम निवेश बिलासपुर (छ.ग.)

संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर (छ.ग.)
// धारा-30 (ख) के अधीन भूखण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना //
जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि **1. श्री अंचल जूनेजा पिता अनिल कुमार जूनेजा, 2. श्रीमती निशा जूनेजा पति अनिल कुमार जूनेजा, पता- तिवारी चाल, जरहाभाटा, बिलासपुर (छ.ग.)** जो ग्राम-तिफरा, प.ह.नं. 40, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित खसरा क्रमांक 46/3, 46/4 व अन्य खसरा कुल रकबा 43.532 एकड़ में इस कार्यालय के आदेश पत्र क्रमांक 10072, दिनांक 28.11.2019 (संशोधन पत्र क्रमांक 4315 दिनांक 02.08.2024) द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित आवासीय प्रयोजन के भूखण्ड क्रमांक D-42, D-43 रकबा क्रमशः 0.03105 हे., 0.03105 हे. कुल रकबा 0.06210 हेक्टेयेर (621 वर्गमीटर) के स्वामी है, द्वारा उपरोक्त भूखण्डो के संविलियन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलय के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत करना चाहते है तो इस कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित रूप से सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा संविलियन किये जा रहे भूखंडों का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर (छ.ग.) न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग, द्वितीय तल, कलेक्ट्रेट परिसर, बिलासपुर (छ.ग.) में कार्यालयीन समय के दौरान किया जा सकता है।
हस्ता.-
प्र. संयुक्त संचालक नगर
तथा ग्राम निवेश बिलासपुर (छ.ग.)

आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं परषोत्तम वर्मा उम्र 33

हरिभूमि

बिलासपुर, रविवार 25 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



धर्मक्षेत्र

श्री सुमुख गणेश मंदिर में अन्नदान का कार्यक्रम आज



बिलासपुर। श्री सुमुख गणेश मंदिर में रविवार को अन्नदान का कार्यक्रम रखा गया है। सुबह 7:30 से 8 बजे तक अभिषेक इसके पश्चात सुबह 8 से 8:30 बजे तक अलंकार, सहस्त्रनाम अर्चना, आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर के पंडितों और भक्त जनों द्वारा श्री विष्णु सहस्त्रनाम, श्री ललिता सहस्त्रनाम एवं स्वामी अयप्पा का भजन का कार्यक्रम होगा। तत्पश्चात भोग आरती व भोजन प्रसाद का वितरण दोपहर 3 तक चलेगा। आगामी संकट चतुर्थी पूजा 29 अक्तूबर गुरुवार को होनी है।

कार्यक्रम

गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा में सुखमणि साहिब का पाठ किया गया



बिलासपुर। श्री गुरु रामदास का प्रकाश पर्व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं श्री सुखमणि साहिब सर्कल के सहयोग से 27 अक्टूबर को श्रद्धा एवं भावना के साथ मनाया जाएगा। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया है,शनिवार को गुरु रामदास के प्रकाश पर्व को मुख रखते हुए सुबह 5 से शाम 5 तक श्री सुखमणि साहिब का लड़ीवार पाठ किया गया। जिसमें सभी बच्चे जवान बुजुर्गों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इस कड़ी में 50 से ज्यादा बच्चों ने मिलजुल कर सुखमणि साहिब का पाठ किया और विशेष दीवान सजा के समाप्ति उपरांत लंगर की भी व्यवस्था की गई थी। गुरपुरब की इस कड़ी में विशेष तौर पर पानीपत से हरकीरत सिंह द्वारा रविवार को तीन दिवसीय कीर्तन का आयोजन किया गया है, जो सुबह एवं शाम को विशेष दीवान सजाया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सभी सदस्य एवं श्री सुखमणि साहिब सर्किल के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

आयोजन

'मराठीत निवेदन एक कला' वर्कशॉप में दिया गया रंगमंच का प्रशिक्षण



बिलासपुर। महाराष्ट्र मंडळ और राज्य मराठी विकास संस्था मुंबई का 2 दिवसीय संयुक्त आयोजन से प्रारंभ हुआ, पहले दिन शनिवार को 'मराठीत निवेदन एक कला' वर्कशॉप का आयोजन हुआ। इस वर्कशॉप में मराठी रंगमंच, टी व्ही कलाकार और मराठी कार्यक्रमों के प्रसिद्ध सूत्रधार मंच संचालक विघ्नेश जोशी (मुंबई) द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के शुरुवात में महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष द्वारा विघ्नेश जोशी एवं मुख्य अतिथि कपूर वासनिक का स्वागत किया,गजानन वासुदेव फड़के ने मंचस्थ अतिथियों का परिचय दिया महाराष्ट्र मंडल सचिव समीर भूरंगी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित दर्शक व अतिथियों का आभार प्रकट किया।

धर्मक्षेत्र

भगवान कृष्ण ने कालिया नाग से कराया यमुना को मुक्त

बिलासपुर। द्वापर युग में मथुरा के कारागार में माता देवकी और वासुदेव के यहां श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। वासुदेव ने उन्हें रात में ही उफनाती यमुना पार कर गोकुल में नंदबाबा और माता यशोदा के पास पहुंचा दिया। कंस ने बालकृष्ण को मारने के लिए विष लगे स्तनों वाली राक्षसी पूतना को गोकुल भेजा। बाल कृष्ण ने दूध पीते-पीते उसके प्राण ही खींच लिए। भगवान कृष्ण ने कालिया नाग से यमुना को मुक्त कराया।



बंगालीपारा सरकंडा में चल रही भागवत कथा

ये बातें बंगालीपारा सरकंडा स्थित विनायक कुंज में चल रही श्रीमद भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ में शनिवार को कथा वाचक आचार्य पं. प्रमोद पाण्डेय बेलसरी तखतपुर ने श्रीकृष्ण लीला की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने बताया कि कान्हा को माखन और दही बहुत पसंद था। वे गोपियों के घरों से चुपके से माखन चुराते थे, इसलिए उन्हें माखनचोर कहा गया। एक बार माता यशोदा ने उन्हें पकड़ लिया और मटकियां फोड़ने पर उन्हें ओखल से बांधने की कोशिश की, पर रस्सी हर बार दो अंगुल छोटी पड़ गई। तब कृष्ण माता के प्रेम के वशीभूत होकर स्वयं बंध गए। बचपन में एक दिन मिट्टी खाने की शिकायत पर जब यशोदा माता ने कान्हा का मुंह खुलवाया, तो उन्हें संपूर्ण ब्रह्मांड, तारे, ग्रह और तीनों लोक दिखाई दिए। कथावाचक ने बताया कि एक बार खेलते समय गेंद यमुना में गिर गया। कृष्ण नदी में कूदे, कालिया नाग से युद्ध किया और यमुना को जहर-मुक्त किया। उन्होंने गोवर्धन पूजा की कथा पर भी प्रकाश डाला। स्व. सरयू देवी की स्मृति में आयोजित इस भागवत कथा के मुख्य यजमान विवेक रजनी शर्मा हैं। इस मौके पर राजाराम दुबे, अनिल, बाबूलाल, जयप्रकाश शर्मा, पदमा दुबे, शशि प्रभा, माधुरी, विद्या शर्मा, सरोजनी मिश्रा, प्रतिमा शास्त्री, गायत्री तिवारी, सावित्री पाठक, मंजू, प्रतीक्षा, प्रिंसी सहित अन्य श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

हिन्दी के साथ छत्तीसगढ़ी भाषा में 'अंधेर नगरी' का मंचन





बिलासपुर। संगम नाट्य समिति के बैनर तले नाटक अंधेर नगरी का मंचन देवकीनंदन दीक्षित सभागार में संगीत नाटक अकादमी नई सहयोग से किया गया। निर्देशक शैलेन्द्र मणि कुशवाहा द्वारा किया गया, यह नाटक 30 दिवसीय प्रस्तुति परक नाट्य कार्यशाला के अंतर्गत तैयार किया गया। जिसका संगीत निर्देशन अमर सिंह गंधर्व द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान संवाद अदायगी को मूर्तरूप देने हेतु भाषा, देहगति, संगीत, प्रॉप्स और प्रॉपर्टी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर काम किया गया। नवोदित और शौकिया कलाकारों सहित संस्था के सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर नाटक को गति प्रदान की गई। इसके बाद नाटक के संवाद छत्तीसगढ़ी और हिन्दी के मेल में समायोजित कर नाटक के अनुरूप बनाया गया। इसके संगीत की लयबद्धता को छत्तीसगढ़ी गीतों में पिरोया गया।

नाटक में राजा, सभासद और गुरु हिन्दी की राजभाषा का प्रयोग करते दिखे, जबकि अन्य पात्र छतीसगढ़ी में संवाद बोलकर नाटकीयता के पुट को आलोकित करते दिखाई दिए। इस प्रकार कई रंगों को समेकित कर लोग जुटे और कारवां बनता गया और नाटक मूर्तरूप में आकर मंचित हुआ। नाटक की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। नाटक में सहयोगी संस्था के रूप में बीएनआई का सहयोग प्राप्त हुआ, जिसके कारण यह मंचित हो सका है।'अंधेर नगरी' भारतेन्दु हरिश्चंद्र द्वारा रचित एक प्रसिद्ध प्रहसन है। जो तत्कालीन अंग्रेजी सरकार की निरंकुशता और भारतीय राजाओं की दुर्दशा को इंगित करते हुए लिखा गया था।

इसमें एक राज्य का वर्णन है, जहां का राजा चौपट है और शासन व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित है। वहाँ सभी वस्तुएं टका सेर बिकती है। गुरु अपने दो शिष्यों के साथ वहाँ पहुंचते हैं और उस राज्य की व्यवस्था को देखकर दंग रह जाते है।

15 से अधिक नाटक का मंचन

संगम नाट्य समिति द्वारा बिलासपुर में लगातार नाट्य कार्यशालाओं के माध्यम से शहरी और ग्रामीण कलाकारों के साथ समन्वय स्थापित कर नाट्य प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाता है। संस्था द्वारा समय-समय पर देश और प्रदेश के कई हिस्सों में अपनी रंग यात्रा के माध्यम से नाटक का मंचन संभव हो सका है। संस्था अब तक तकरीबन 15 से अधिक नाटक छत्तीसगढ़ के सुदूर ग्रामीण अंचलों सहित देश के कई प्रांतों में मंचित करती आ रही है। जिसमें राम की शक्ति पूजा, सड़क, कौमुदी महोत्सव, सफर, पगडंडी, बड़े भाई साहब, घर के लाज, तीन बात की परीक्षा आदि शामिल है। नाट्य प्रस्तुति के दौरान राजा की भूमिका में रितेश तिवारी, मंत्री और बनिया दिनेश पाण्डेय, गुरु- शैलेन्द्र मणि कुशवाहा, सैनिक शुभम, अमित, जय बघेल, कोतवाल अतुल चंद्रवंशी, मछली वाली अपराजिता पी कौशिक, कसाई रमेश द्विवेदी, भाजी वाली डॉ. सुनंदा मरावी, मुगल- अभय मनहर, पाचक जय, नारंगी प्रेमा कौशिक, कबाब अमित शुक्ला, फरियादी- श्रवण यादव, नृत्यांगना रुचि देवांगन, नारायण दास- आयुषी यादव, गोवर्धन दास- प्रशंसा शुक्ला, कल्लू सोनू महंत, गडरिया अर्पित कंवर आदि ने उम्दा अभिनय कर नाटक को जीवंतता प्रदान की।

हम तेरे प्यार में सारा आलम खो बैठे, गुजरा हुआ जमाना गीतों से सजी महफिल



हिंदी सिनेमा के स्वर्णिम दौर के सदाबहार गीतों, भूली-बिसरी धुनों के साथ शास्त्रीय गायिका श्रुति प्रभला द्वारा शनिवार को संगीतमय संध्या नॉस्टेल्जिया का आयोजन लखीराम ऑडिटोरियम में किया गया। इस कार्यक्रम में हम तेरे प्यार में सारा आलम खो बैठे,गुजरा हुआ जमाना व वो शाम कुछ अजीब थी जैसे हिंदी फिल्म संगीत के सुनहरे दौर के गीतो से सुरों की महफिल सजाई गई।



यह गीत आज भी पीढ़ियों को जोड़ता है। नॉस्टेल्जिया केवल पुराने फिल्मी गीतों की प्रस्तुति नहीं, बल्कि उन भावनाओं को फिर से महसूस करने का अवसर है, जो इन गीतों के साथ हमारी जिंदगी का हिस्सा बनीं। इन्होंने हर गीत के पहले राग और चलन की जानकारी देकर गीतों को गाया,उसी राग से जुड़े गीतों को भी गुनगुनाया। 19 गीतों की प्रस्तुति देकर इस महफिल को संगीतमय बनाया। इस कार्यक्रम का संचालन विवेक जोगलेकर द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि शास्त्रीय संगीत की गंभीर साधना और भावपूर्ण गायकी के लिए पहचानी जाने वाली श्रुति प्रभला भजन और वाजल गायन में भी अपनी विशिष्ट पहचान रखती हैं। उनकी गायकी की विशेषता सुरों की शुद्धता, भावों की गहराई और रचना के मर्म तक पहुंचने की संवेदनशीलता है। "नॉस्टेल्जिया" में वे हिंदी फिल्म संगीत के सदाबहार नगमों को प्रस्तुत करेंगी। नॉस्टेल्जिया की इस खूबसूरत शाम को भोपाल से आए अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वायलिन वादक मनोज कुमार, तबले पर जनाब शाहनवाज़ हुसैन, सिंथेसाइजर पर जनाब शाहिद मासूम एवं आक्टोपैड पर बिलासपुर के पीटर मुदलियार की संगत और भी सुरमई बनाई। श्रुति अंतरराष्ट्रीय गायन प्रतियोगिता "द वॉयस ऑफ वर्ल्ड" की विजेता रही हैं। इस्कॉन नेल्लोर द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय भजन प्रतियोगिता में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। कबीर गायन के लिए स्व. माधवराव सप्रे स्मृति महोत्सव में मुख्यमंत्री सम्मान तथा नव्या सम्मान से भी उन्हें विभूषित किया गया है।



भरत नाट्यम शास्त्रीय नृत्य शैली में शहर की बेटी को मिला पहला स्थान

रायपुर में सर्व भारतीय संगीत नृत्य प्रतियोगिता आयोजित

बिलासपुर। शहर को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी नृत्य शैली से पहचान दिलाने वाली छात्रा कु. अरित्रिका सिंहा ने रायपुर में आयोजित सर्व भारतीय संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता में भरत नाट्यम शास्त्रीय नृत्य शैली एकल प्रस्तुति के जूनियर विभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

यह आयोजन कला एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार ने किया। एआईडीए नटवर गोपीकृष्ण राष्ट्रीय पुरस्कार प्रतियोगिता समारोह में नंद लहरी नृत्य उत्सव 2026 का योग्यता प्रमाण-पत्र एवं ट्राफी जारी कर पुरस्कृत किया गया। कु. अरित्रिका गीतांजलि सिटी निवासी अनूप, प्रियंका सिन्हा की सुपुत्री है। इससे पूर्व भी वह राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित भरत नाट्यम शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी है। भक्तिमय चौधरी जो कि कु. अरित्रिका के नाना है, ने बताया कि अरित्रिका बचपन से ही शास्त्रीय नृत्य में विशेष अभिरुचि रखती है और नियमित अभ्यास कला गुरु श्वेता नायर के निर्देशन में करती है।

पहली भौगोलिक शोध पत्रिका 'ज्योग्राफर्स टुडे' का विमोचन



डॉ एचएस गुप्ता ने किया विमोचन, प्रदेश के भौगोलिक संसाधनों और क्षेत्रीय समस्याओं पर शोध को मिलेगा मंच

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में भूगोल विषय के शोध एवं अकादमिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए छत्तीसगढ़ भूगोल परिषद द्वारा प्रकाशित शोध पत्रिका 'ज्योग्राफर्स टुडे' का शनिवार को रायपुर में विमोचन किया गया। वरिष्ठ भूगोलवेत्ता डॉ. एचएस गुप्ता के निवास पर उनके करकमलों से पत्रिका का विमोचन संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के वरिष्ठ भूगोलवेत्ताओं, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं की उपस्थिति रही। इस पत्रिका के प्रकाशन से भूगोल विषय के शोधार्थियों को अपने शोध कार्यों को प्रकाशित करने का एक नया मंच मिलेगा। विमोचन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भूगोल परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. जेपी शिवहरे, पूर्व अध्यक्ष डॉ. टीएल वर्मा, परिषद के अध्यक्ष डॉ डीडी कश्यप, सचिव डॉ पीएल चंद्राकर, प्रो शीलाश्रीधर, डॉ गीता राय, डॉ राजवंश कौर कोहली, डॉ पूर्णिमा शुक्ला, डॉ आरएन यादव और आयुष्मान मिश्रा सहित भूगोल विषय से जुड़े अनेक विद्वान उपस्थित रहे।

शोध और अकादमिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

डॉ एचएस गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ भूगोल परिषद की स्थापना प्रदेश में भूगोल विषय के अध्ययन और शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई थी। परिषद के गठन में उनके नेतृत्व और डॉ जेपी शिवहरे के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बाद में डॉ. टीएल वर्मा के प्रयासों से परिषद का पंजीयन कराया गया। स्थापना के बाद से परिषद ने राष्ट्रीय स्तर पर अकादमिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। प्रदेश के संसाधनों और समस्याओं पर होगा वैज्ञानिक अध्ययन डॉ.गुप्ता ने उम्मीद जताई कि 'ज्योग्राफर्स टुडे' भविष्य में भूगोल विषय की एक प्रतिष्ठित शोध पत्रिका बनेगी। इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक एवं भौगोलिक संसाधनों के सर्वेक्षण, विश्लेषण और क्षेत्रीय समस्याओं से जुड़े शोध कार्यों को प्रकाशित करने का अवसर मिलेगा। पत्रिका में पर्यावरणीय चुनौतियों, प्राकृतिक संसाधनों, क्षेत्रीय विविधताओं और सामाजिक-आर्थिक परिवर्तनों से संबंधित वैज्ञानिक अध्ययनों को भी स्थान मिल सकेगा।

कवियों ने शरद पूर्णिमा पर पेश किया विशेष गीत

शरद उत्सव, कवि सम्मेलन का आयोजन



इनकी रही उपस्थितिः इस मौके पर राजेन्द्र मौर्य, महेश श्रीवास, रामेश्वर गुप्ता, राधेश्याम सोनवानी, महेतरु मधुकर, दिलीप दिलफ़रोश, दीपक दुबे, पूर्णिमा तिवारी, पूजा मौर्य, गजानंद पात्रे 'सत्यबोध' एनके. शुक्ला, राकेश खरे, राजेश सोनार, शत्रुघ्न पात्रे, अमृतलाल पाठक, रश्मि अग्रवाल, राजेश मानस उपस्थित रहे।

बिलासपुर। कविता चौपाटी से.. के तत्वावधान में शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में रिवर व्यू बिलासपुर में शरद उत्सव एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें कवियों ने शरद पूर्णिमा पर विशेष गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारिका वैष्णव थे। अध्यक्षता राजीव अग्रवाल ने की। अवधेश अग्रवाल के दो रचनाओं का अनावरण किया गया। आमंत्रित कवियों एवं साहित्यकारों ने अपनी उत्कृष्ट काव्य प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कविता, गीत और साहित्य की इस सुंदर संध्या ने सभी के मन में अविस्मरणीय छाप छोड़ी। कार्यक्रम में डॉ सुधाकर बिबे माठापारा, राकेश अयोध्या हिरी माइंस, किशोरी साहू गोड़पारा, रश्मि गुप्ता आरके. नगर, अशरफी सोनी सरकंडा, शैलेन्द्र गुप्ता नेहरू नगर, शिशिर मौर्य ढेका सहित आमंत्रित रचनाकारों की सहभागिता रही। अंत में खीर का वितरण किया गया।

राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ के 49 खिलाड़ियों का चयन

स्पोर्ट्स न्यूज



बिलासपुर। 41वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ द्वारा राज्य के 49 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। यह प्रतियोगिता 27 अक्टूबर तक चेन्नईमें आयोजित होगी।

चयनित खिलाड़ी विभिन्न आयु वर्गों एवं एथलेटिक्स स्पर्धाओं में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिसमें शिवराज दुग्गा, अंडर-16, 600 मीटर; निहाल सिंह, अंडर-16, ऊंची कूद; अनीकेत पड्डा, अंडर-18, 1000 मीटर; आदित्य वर्मा, अंडर-20, 800 मीटर; श्याम जी दुबे, अंडर-20, 5000 मीटर रेस वॉक। रायपुर से आरनव कुमार, अंडर-16, 60 मीटर एवं 600 मीटर; मान्यता साहू, अंडर-16 बालिका, ऊंची कूद; अनुराग एक्का, अंडर-18, 5000 मीटर रेस वॉक; मुकुंद वर्मा, अंडर-18, लंबी कूद; पायल मरकंडे, अंडर-20 बालिका, 5000 मीटर रेस वॉक। दुर्ग से मन्नी कुमार सिंह, अंडर-18, हेप्टाथलॉन; तिलक बरसेल, अंडर-20, 100 मीटर एवं लंबी कूद; बी. गणेश, अंडर-20, 400 मीटर; दर्शिनका मिश्रा, अंडर-20 बालिका, 100 मीटर एवं 200 मीटर। कोरबा से ऐश्वर्या साहू, अंडर-16, लंबी कूद; आदित्य कुमार सिंह, अंडर-16, लंबी कूद; भुभृति सलाम, अंडर-16 बालिका, लंबी कूद; योगेंद्र सिंह, अंडर-18, 110 मीटर हर्डल्स; पूनम मखान सिंह, अंडर-18 बालिका, भाला फेंक। दंतेवाड़ा से किच्छे बिमला, अंडर-16 बालिका, 60 मीटर; कृष्णपाल सिंह उर्वेती, अंडर-18, 100 मीटर एवं 200 मीटर; मनकुराम मुरामी, अंडर-14, ट्रायथलॉन B; नितेश कुमार मिडियाम, अंडर-14, ट्रायथलॉन ; सुशीला खुरामी, अंडर-18 बालिका, 1000 मीटर शामिल है। बीजापुर से बिरेन्द्र ध्रुवा, अंडर-16, 60 मीटर; अंजलि करम, अंडर-16 बालिका, पेंटाथलॉन; रोहित वेंदजा, अंडर-14, ट्रायथलॉन ; सचिन पाल, अंडर-20, 5 हजार मीटर; विपिन पाल, अंडर-20, 5 हजार मीटर। है। रायगढ़ से आशीष बंजारा, अंडर-16, भाला फेंक; हर्ष नायर, अंडर-18, 200 मीटर; शौर्य अग्रवाल, अंडर-18, भाला फेंक। राजनांदगांव से किरण पटेल, अंडर-16 बालिका, 60 मीटर; दंतेश्वरी निषाद, अंडर-16 बालिका, 600 मीटर; हर्ष निषाद, अंडर-20, 1500 मीटर; यश कुमार, अंडर-20, 5000 मीटर रेस वॉक। जांजगीर-चांपा से* समीर कश्यप, अंडर-18, 1000 मीटर; तानिया केवट, अंडर-20 बालिका, 800 मीटर सहित प्रदेशभर से खिलाड़ी इसमें भाग ले रहे है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स टीम के कोच के लिए संदीप कुमार,संतोष उपाध्याय प्रशिक्षक एवं प्रबंधक एवं जशविंदर सिंह भाटिया को चुना गया है और मैनेजर रविशंकर धनगर को चुना गया है।

खबर संक्षेप

भागवत कथा के दौरान कृष्ण जन्मोत्सव में झूमे श्रोता

लोरमी ग्राम खपरीकला में गुप्ता परिवार के द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के पांचवें दिन कथा वाचक सागर मिश्रा ने श्रद्धालुओं को कथा सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। महाराज ने कथा के दौरान भक्त प्रहलाद की अटूट भक्ति और भगवान विष्णु के वामन अवतार की कथा का विस्तार से वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो गए। कथा के अगले चरण में जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा शुरू हुई। पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। कृष्ण जन्म की खुशी में उपस्थित महिलाएं और पुरुष श्रोता झूमकर नाचे और जन्मोत्सव की खुशियां मनाईं। इस अवसर परआसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु कथा का श्रवण करने पहुंचे।

आस्था को राष्ट्रीय स्तर पर मिला नृत्य कला बाल श्री अवार्ड



गौरेला। छत्तीसगढ़ की प्रतिभाशाली नृत्यांगना आस्था श्रीवास्तव ने अपनी नृत्य कला का शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर 'नृत्य कला बाल श्री अवार्ड' प्राप्त किया है। 19 अक्टूबर को रायपुर में आयोजित 'नटवर गोपी कृष्ण' नृत्य प्रतियोगिता में आस्था ने यह उपलब्धि हासिल कर अपने परिवार और शुभचिंतकों को गौरवान्वित किया। यह नृत्य प्रतियोगिता ऑल इंडिया डांसर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई थी, जिसे भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय का सहयोग प्राप्त था। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में आस्था को उनकी नृत्य प्रतिभा और शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। आस्था श्रीवास्तव शनि श्रीवास्तव और अनुजा श्रीवास्तव की पुत्री हैं, जो मां कल्याणिका पब्लिक स्कूल में कार्यरत हैं। आस्था की इस उपलब्धि से परिवार में हर्ष का माहौल है। उनकी सफलता को कला के क्षेत्र में उनकी प्रतिभा, मेहनत और लगन का परिणाम माना जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त करना आस्था के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

कोच सुरेंद्र का तकनीकी अधिकारी के रूप में चयन

जरहागांव। जरहागांव कबड्डी टीम के मार्गदर्शक एवं मुंगेली जिले के प्रथम राष्ट्रीय कबड्डी निर्णायक सुरेंद्र कश्यप का



चयन 52वीं राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप में तकनीकी अधिकारी के रूप में किया गया है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता बिहार के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित होगी। सुरेंद्र कश्यप वर्तमान में नगर पंचायत जरहागांव में सभापति एवं पार्षद के रूप में भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। खेल और सामाजिक क्षेत्र में उनके योगदान से स्थानीय खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को निरंतर प्रोत्साहन मिलता रहा है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में तकनीकी अधिकारी के रूप में चयनित होना उनकी खेल प्रतिभा, अनुभव और कार्य के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

रक्त जांच एवं शिविर में 40 लोगों ने किया ब्लड डोनेट



लोरमी। मेडिकल टीम एवं हंसवाहिनी ब्लड सेंटर बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क रक्त दान एवं रक्त प्रोफाइल जांच शिविर का आयोजन आरोग्यम सर्जिकल क्लीनिक लोरमी में किया गया। शिविर में कुल 139 लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया,। जिसमें से 40 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर की मुख्य अतिथि ड्रग इंस्पेक्टर सुमनलता कंवर रहीं। इस अवसर पर मेडिकल टीम लोरमी के अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, राजेंद्र साहू, अभिलाष जायसवाल, हरीश देवांगन, राजेश झरिया, राजेंद्र साहू, अवधेश राजपूत, इंद्रजीत कौर एवं प्रिया जायसवाल राजाराम कश्यप उपस्थित रहे। शिविर में जायसवाल परिवार के 5 सदस्यों ने एक साथ रक्तदान किया। हंसवाहिनी ब्लड सेंटर बिलासपुर से दुर्गा देवांगन, अरविंद साहू एवं उनकी टीम ने रक्त संग्रहण में सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में सभी 40 रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने मांगों को लेकर सौपा ज्ञापन



बेलगहना। कोटा विकासखंड अंतर्गत बेलगहना सेक्टर की आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं एवं सहायिकाओं ने कोटा परियोजना के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में नियमितीकरण, 30 हजार रुपए मानदेय, पदोन्नति में आयु सीमा समाप्त करने, समूह बीमा एवं पेंशन तथा ग्रेच्युटी और पीएफ की मांग की। संघ ने आकस्मिक मृत्यु पर परिवार के पात्र सदस्य को अनुकम्पा नियुक्ति एवं सेवानिवृत होने पर कार्यकर्त्ताओं को 5 लाख रुपए एवं सहायिकाओं को 3 लाख रुपए की आर्थिक सहायता एवं मानदेय में प्रतिवर्ष एक हजार रुपए की वृद्धि की मांग की। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता सहायिका संघ की परियोजना अध्यक्ष साधना बैसवाड़े, सचिव ललिता यादव, शशी कला उदय, लछमी सोनवानी, बसंती पंन्द्राम, पुष्पा बघेल उपस्थित रहीं।

जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने एसएसपी ने दिए टिप्स

लंबित प्रकरणों का हो समय-सीमा में निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना-चैकी प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह सहित जिले के समस्त थाना एवं चैकी प्रभारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण करने तथा लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लंबित समन एवं वारंट की तामीली सुनिश्चित करने, निगरानी एवं गुंडा-बदमाशों की नियमित जांच करने तथा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। आवश्यकता के अनुसार जिला बदर की कार्रवाई करने तथा अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध बाउंड ओवर की प्रक्रिया पूर्ण करने पर जोर दिया। एसएसपी श्री पटेल ने गुम बालक-बालिकाओं की तलाश को प्राथमिकता देने तथा महिला एवं बच्चों से संबंधित शिकायतों में नियमानुसार तत्काल एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ऑनलाइन ठगी के मामलों में नियमानुसार एफआईआर दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई करने तथा सभी लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के लिए सख्त निर्देश दिए।

साइबर ठगी के मामलों की समीक्षा

साइबर ठगी के मामलों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि ठगी के शिकार पीड़तों एवं प्रार्थियों से समन्वय स्थापित कर होल्ड कराई गई राशि वापस दिलाने के लिए एमआरएम पोर्टल के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही की जाए। साथ ही, विवेचना में लंबित ई-साक्ष्यों का त्वरित निराकरण कर प्रकरणों की जांच में तेजी लाई जाए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि ड्यूटी एवं विवेचना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी एवं थाना-चैकी प्रभारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए अपराध नियंत्रण, पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने तथा पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य करें।

बीएनएस की दी जानकारी

बैठक में नवीन आपराधिक कानूनों के अंतर्गत विवेचना की गुणवत्ता बेहतर बनाने के उद्देश्य से एडीपीओ जायिता सिंह द्वारा उपस्थित थाना-चौकी प्रभारियों को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने नवीन कानूनों के अनुरूप विवेचना की प्रक्रिया एवं आवश्यक कानूनी प्रावधानों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला मुंगेली पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के त्वरित निराकरण तथा आम नागरिकों को प्रभावी एवं त्वरित न्याय दिलाने का काम किया जा रहा है।

दुर्गा विसर्जन झांकी प्रतियोगिता के विजेताओं को दिए गए पुरस्कार



मुंगेली। मां दुर्गा विसर्जन झांकी प्रतियोगिता पर जूनियर अमिताभ बच्चन मुकेश गढ़वी बड़ोदरा, गुजरात का रोड शो आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में स्वर्गीय मेलूराम सोनी की स्मृति में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

प्रिया ज्वेलर्स के संचालक एमएल सोनी परिवार द्वारा स्वर्गीय मेलूराम सोनी की स्मृति में मां दुर्गा झांकी विसर्जन प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जूनियर अमिताभ बच्चन के नाम से प्रसिद्ध मुकेश गढ़वी बड़ोदरा, गुजरात का विशाल रोड शो भी कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। आयोजन का उद्देश्य मां दुर्गा की भक्ति, धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहित करना तथा झांकी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का सम्मान करना रहा। पुरस्कार वितरण समारोह के माध्यम से प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन और आयोजन से जुड़े लोगों के योगदान को सम्मान देने का अवसर मिला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष, नरेंद्र मोदी विचार मंच डॉ. अमरनाथ सोनी, राष्ट्रीय सचिव एवं गुजरात प्रदेश प्रभारी नरेंद्र मोदी विचार मंच रामकुमार सोनी तथा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, ओबीसी मोर्चा, भारतीय जनता पार्टी, मध्य प्रदेश श्रीमती रीता सोनी विशेष रूप से सम्मिलित हुए। इस अवसर पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से समाज में आपसी सद्भाव, सहयोग और एकजुटता बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में आयोजक समिति के सदस्यों श्याम कुमार सोनी, रामकुमार सोनी, कृष्ण कुमार सोनी, गोपाल सोनी, विनय सोनी, राघव सोनी, गौरव सोनी एवं प्रिया सोनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक हिमांशु सोनी रहे।

पेंशनर्स की बैठक में मिलकर कार्य करने का लिया गया संकल्प



तखतपुर। अधिकारी पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा की बैठक पेंशनर भवन रामनगर टिकरीपारा में हुई। बैठक में तहसील कार्यकारणी का गठन तथा संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए मिल-जुलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। पेंशनर्स की समस्याओं, सुझावों एवं हितकारी प्रस्तावों पर विचार करते निर्णय लिए गए। एसोसिएशन के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, संरक्षक एलपी श्रीवास, राजकुमार शर्मा, अरविन्द शर्मा, हूपसिंह क्षत्री, शिवकुमार क्षत्री, रामसनेही क्षत्री, जेआर भारद्वाज, आरबी साहू, भागवत प्रसाद साहू, वृंदा प्रसाद सिंगसरिया तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री हिमाँचल साहू ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन उमर कुरैशी आभार नीलम राजकुमार ने व्यक्त किया, स्व. रामा श्रीवास, स्व. रमेश पाण्डेय एवं स्व. अंजोर दास कुर्रे के निधन पर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर साधु राम कौशिक, दिनेश कुमार कश्यप, नर्मदा प्रसाद कौशिक, रामफल कौशिक, टी.आर. भोई, संजय कुमार सोनी, एमएस वैष्णव, रमेश पाण्डेय, टीडी वैष्णव, कौशल प्रसाद साहू, हनुमान प्रसाद कौशिक, संतोष कुमार ध्रुव, राम अवतार तिवारी, कुंवरकांत देवांगन सहित अन्य उपस्थित रहे।

लाइवलीहुड कालेज में रोजगार मेला 28 को

मुंगेली। जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा 28 अक्टूबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले के माध्यम से तीन निजी कंपनियों में कुल 157 पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथि, समय और स्थल पर उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। रोजगार मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला परियोजना लाइवलीहुड कालेज परिसर, ग्राम जमकोर, में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। मेले में अलग–अलग शैक्षणिक योग्यताओं के युवाओं के लिए भर्ती के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

कोटा में अलका की भक्तिपूर्ण प्रस्तुति पर झूमे हजारों श्रोता

कोटा। नगर के चंडी मंदिर प्रांगण में आयोजित दशहरा उत्सव पर गायिका अलका चंद्राकर ने शानदार भजनों की प्रस्तुति से हजारों श्रोताओं का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष सरोज साहू, वेलकम ग्रुप के सीईओ, आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समिति द्वारा अतिथियों एवं कलाकारों का सम्मान भी किया गया। आयोजन को सफल बनाने में विकास सिंह का विशेष योगदान रहा। उनके साथ ही चंडी मंदिर समिति के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम की व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाई। देर रात तक चले इस भक्ति-भरे कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नगरवासी मौजूद रहे, साथ मे गाँधी बाग़ की माता रानी को स्थल सजावट के लिए प्रथम इनाम भी दिया गया, साथ मे झांकी का प्रथम इनाम शंकर पार्वती विवाह को दिया गया, नगर मे एक साथ झांकी और दुर्गा विसर्जन का दौर पूरी रात चलता रहा।



बाल विज्ञान कांग्रेस में सरकारी पारा विद्यालय का परचम



हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरकारी पारा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में छात्रा प्रतीक्षा कुशवाहा (ग्रुप लीडर) एवं ग्रुप सदस्य शिवम राठौर ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है।

■ प्रतीक्षा और शिवम राज्य स्तर के लिए चयनित

विद्यालय की प्राचार्य मोनिका जैन ने प्रतिभागी विद्यार्थियों, मार्गदर्शक शिक्षिका लीला साहू तथा परियोजना से जुड़े सभी विद्यार्थियों को इस सफलता का श्रेय दिया है। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद जताई। उल्लेखनीय है कि प्राचार्य श्रीमती जैन पूर्व में भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर उन्हें बाल विज्ञान कांग्रेस के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा चुकी हैं। उनके निर्देशन एवं मार्गदर्शक शिक्षिका श्रीमती लीला साहू के मार्गदर्शन में तैयार की गई इस परियोजना की सफलता को विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

विभिन्न समाजों के प्रमुखों ने टीएस से की मुलाकात



सरगांव। छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव शनिवार को नगर पंचायत सरगांव पहुंचे। उनके आगमन पर युवा कांग्रेस और वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रतीक्षा बस स्टैंड परिसर में उत्साहपूर्वक स्वागत किया। पार्षद कृष्णा साहू, दबेश साहू और मुकेश साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। सिंहदेव ने बस स्टैंड परिसर स्थित भक्त कर्मा माता मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने अटल चौक के पास स्थित साहू समाज भवन में साहू, मुस्लिम, यादव और कुर्मी समाज के प्रमुखों से मुलाकात की। वहीं, मंगल भवन में सतनामी समाज के प्रतिनिधियों से सौजन्य भेंट कर उनका हालचाल जाना। समाज प्रमुखों से चर्चा के दौरान टीएस सिंहदेव ने आपसी संवाद और सामाजिक समरसता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों से मिलने पर उनकी अपेक्षाओं, समस्याओं और विचारों को समझने का अवसर मिलता है। समाज के बीच बेहतर समन्वय और आपसी भाईचारा मजबूत करने के लिए संवाद जरूरी है। सिंहदेव के आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, राजेंद्र शुक्ला, महेंद्र गंगोत्री, अर्जुन तिवारी, पंकज सिंह, मोनू अवस्थी, उमेश सोनी, एजाज अहमद, मुकेश मीरी, इंदिरा साहू, मुकेश साहू, नेहरू साहू, दिलीप कौशिक, रामखिलावन साहू, राकेश साहू, राधे मारखंडे, लक्ष्मीनाथ साहू, गीतांजलि कौशिक, जागेश्वरी वर्मा, रसीद खान, घसिया लहरे, वहाब खान और इस्माइल मेमन सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

भव्य झांकी के साथ दुर्गा प्रतिमा का किया गया विसर्जन



मस्तूरी। नवयुवक दुर्गोत्सव समिति दुर्गा चौक द्वारा 51वें वर्ष में आयोजित शारदीय नवरात्रि एवं दुर्गा उत्सव का समापन भक्तिमय माहौल में हुआ। मां दुर्गा की भव्य झांकी के साथ निकाली गई विदाई यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान माता रानी को विदाई देते समय भक्तों की आंखें नम हो गईं। खासकर मातृशक्तियों की भारी उपस्थिति ने पूरे वातावरण को भावुक और भक्तिमय बना दिया। मल्हार रोड स्थित आदर्श दुर्गोउत्सव समिति द्वारा गौरवशाली 15 वें वर्ष दुर्गा उत्सव मनाया और पूरी श्रद्धा भाव के साथ विसर्जन यात्रा निकालकर पूरे गांव में भ्रमण कराया और देर शाम को मां दुर्गा को मां की जयघोष के साथ पनभरिया तालाब में विसर्जन किया। इस दौरान मां दुर्गा की विदाई के साथ ही श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष फिर से इसी उत्साह और उमंग के साथ माता रानी के स्वागत का संकल्प लिया। विसर्जन झांकी में नवयुवक दुर्गोत्सव समिति एवं आदर्श दुर्गा उत्सव समिति के सभी सदस्यों के साथ काफी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

डीईओ ने विभिन्न स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

खुटेरा के 7 शिक्षक रहे नदारद, सभी का कटा एक दिन का वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

जिला शिक्षा अधिकारी डा. मोहन लाल पटेल ने पथरिया विकासखण्ड के प्राथमिक, मिडिल और हाई, हायर सेकेंडरी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। डीईओ हायर सेकेन्ड्री स्कूल खुटेरा में शनिवार की सुबह सात बजे ही पहुंच गए। इस दौरान वहां पदस्थ 12 शिक्षक स्कूल नहीं पहुंचे थे। 8 बजे तीन शिक्षक पहुंचे जिनके साथ डीईओ ने प्रार्थना कराई।

शासन द्वारा भेजे गए निर्देश के अनुसार प्रार्थना नहीं होने पर उन्होंने शिक्षकों को हिदायत देते हुए कहा कि राष्ट्र गीत के पूरे अंतरा को गाया जाना है जिससे बच्चे राष्ट्रीय गीत के माध्यम से देश के गौरव गान से परिचित हों। उन्होंने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता और मध्यान्ह भोजन जैसे विभागीय योजनाओ से बच्चों को शत प्रतिशत लाभान्वित करना हमारा उद्देश्य है इसलिये शिक्षक अपने दायित्वों का निर्वहन शासन द्वारा निर्देशित दिशा निर्देशों के साथ



करे इस पर कोताही बरतने वाले शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई की हिदायत दी। उक्त समय तक 7 शिक्षक अनुपस्थिति पाए गए जिनके एक दिन का वेतन काटने एवं बिना ऑनलाइन अवकाश लिए नदारद रहने के विषय में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

इसी तरह मिडिल स्कूल सिलदहा में दसवीं और बारहवीं के छात्र छात्राओं को डीईओ द्वारा पढ़ाया गया और विभिन्न विषय की तैयारियों के सम्बंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिए। बेलखुरी में मध्यान्ह भोजन गुणवत्ताहीन होने और प्रधान पाठक द्वारा खुद सामान सप्लाई करने की शिकायत पर समूह को नोटिस और रसोइया को हटाने की कार्रवाई की गई।

स्कूल का लैपटॉप, टीवी ले गए शिक्षक

डीईओ के मिलिड स्कूल बेलखुरी पहुंचने पर ग्रामीण राजेश्वर राजपूत एवं बुधराम साहू भी वहां पहुचे और विद्यालय में शिक्षकों की अनियमित शाला आने की शिकायत की। जिस पर डीईओ ने विद्यालय के शिक्षकों से जानकारी ली और ऑनलाइन हाजरी की जांच करने का निर्देश दिए। वहां बताया गया कि स्कूल का लैपटॉप शिक्षक ले गए हैं जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रधान पाठक का प्रभार सीनियर शिक्षक को देने का निर्देश देकर नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

ग्रामीणों को दी गई विधिक जानकारी, किया जागरूक

मुंगेली। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रें के लोगों तक कानूनी सहायता पहुंचाने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली द्वारा संचालित लीगल एड क्लीनिक के 60 दिवसीय मेगा ड्राइव के प्रथम चरण का ग्राम जमुनाही में सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह अभियान 25 अगस्त से 23 अक्टूबर तक आयोजित किया गया।

समापन कार्यक्रम में ग्रामीणों को निःशुल्क विधिक सहायता, कानूनी अधिकारों और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणों से प्राप्त समस्याओं के आवेदनों पर संबंधित विभागों के समन्वय से कार्यवाही की गई। अभियान का उद्देश्य पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को न्याय तक पहुंच उपलब्ध कराने के साथ–साथ उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने में सहायता करना रहा।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) के निर्देशानुसार आयोजित इस अभियान का समापन 23 अक्टूबर को सतीश कुमार खाखा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों, महिलाओं, विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों, कर्मचारियों और पैरालीगल वालंटियर्स ने भाग लिया। मेगा ड्राइव के प्रथम चरण में ग्राम जमुनाही के ग्रामीणों से विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए कुल 74 आवेदन प्राप्त हुए।

खबर संक्षेप

गायत्री परिवार की जिला स्तरीय बैठक आज

बिलासपुर। गायत्री शक्तिपीठ, गायत्री परिवार के सभी प्रकोष्ठ, प्रज्ञा पीठ, ब्लॉक समन्वयक, महिला मंडल, युवा मंडल, दीया मंडल, समस्त सक्रिय परिजनों की जिला स्तरीय बैठक 25 अक्टूबर रविवार को प्रातः 11 बजे से सिद्ध शक्तिपीठ क्षेत्र विनोबा नगर सभागार में आयोजित की गई है। इसमें गायत्री परिवार के रचनात्मक कार्यों की समीक्षा होगी। 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के संदर्भ में प्रचार-प्रसार एवं आवश्यक व्यवस्था संबंधी चर्चा की जाएगी। बैठक की तैयारी में नंदनी पाटनवार जिला समन्वयक गायत्री परिवार बिलासपुर एवं गायत्री परिवार ट्रस्ट के ट्रस्टी जुटे हुए हैं। यह जानकारी नारायण प्रसाद पाली स्वयंसेवक गायत्री परिवार बिलासपुर ने दी।

सशक्त नारी, युवा उड़ान थीम पर होगी राज्योत्सव में रोशनी

बिलासपुर। इस बार जिला मुख्यालयों में सशक्त नारी, युवा उड़ान की थीम पर प्रदर्शनी व राज्योत्सव दौरान शासकीय भवनों में रोशनी की जाएगी। जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में मंत्री, सांसद, विधायक जैसे जनप्रतिनिधि अतिथि होंगे। बिलासपुर जिला मुख्यालय में 2 नवंबर को एकदिवसीय राज्योत्सव आयोजित किया जाएगा। राज्य शासन ने राज्योत्सव 2026 के संबंध में सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देश जारी किया है। विगत वर्ष की भांति छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर रायपुर से भिन्न जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 2 नवंबर को सभी जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विकास विभागों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें विभागीय उपलब्धियों को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। इसका मुख्यालय थीम सशक्त नारी, युवा उड़ाना होगा। कार्यक्रम स्थल पर राज्य शासन के विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। जिला स्तर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा 2 नवंबर को एकदिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस बात का ध्यान रखने कहा गया है कि सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शालीन हो और किसी प्रकार का अभद्र प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। वहीं 1 नवंबर से 3 नवंबर तक रात्रि में सभी शासकीय भवनों पर रोशनी की जाएगी और सशक्त नारी, युवा उड़ान की थीम को प्रदर्शित करते हुए रोशनी किया जाएगा। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय भवनों के साथ-साथ निजी संस्थाओं को भी रोशनी किए जाने प्रोत्साहित करने कहा गया है। शासन के कल्याणकारी योजनाओं, हितग्राहीमूलक को कार्यक्रमों में लाभान्वित किया जाएगा।

समाजशास्त्र के एलाइड सब्जेक्ट वालों को एयू पीएचडी में नहीं दे रहा प्रवेश



बिलासपुर। अटल यूनिवर्सिटी में प्री-पीएचडी परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इसमें समाजशास्त्र के इलाइड सब्जेक्ट एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थी को पीएचडी में प्रवेश नहीं दिया जाने का मामला सामने आया है, जिससे एमएसडब्ल्यू वाले विद्यार्थी परेशान हैं। अटल यूनिवर्सिटी में प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा जुलाई माह में आयोजित की गई थी। यूनिवर्सिटी द्वारा 20 विषयों में 493 सीटों के प्री-पीएचडी के लिए जनवरी माह से आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई थी जो करीब तीन महिने तक चली थी और लगभग ढ़ाई हजार आवेदन जमा हुए थे। जुलाई में प्री-पीएचडी परीक्षा के बाद यूनिवर्सिटी ने परिणाम घोषित कर दिया और परिणाम के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई। शोध उपाधि समिति डीआरसी के तहत प्रेजेंटेशन साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी हो गई, उसके बाद यूनिवर्सिटी ने समाजशास्त्र विषय में एलाइड सब्जेक्ट एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थी को प्रवेश नहीं दे रहा है। छात्रों का कहना है कि यदि यूनिवर्सिटी समाजशास्त्र के एलाइड सब्जेक्ट एमएसडब्ल्यू को नहीं मान रही और वे पात्र नहीं थे तो आवेदन के शुरुआती चरण में उन्हें प्रक्रिया से बाहर कर देना था। आवेदन के बाद परीक्षा हो गई और वे प्री-पीएचडी परीक्षा भी क्लियर कर लिए तब उन्हें प्रवेश देने इनकार किया जा रहा है। यूनिवर्सिटी की ओर से समाजशास्त्र विषय में 30 सीटों के लिए आवेदन जमा कराए गए थे। एमएसडब्ल्यू के लिए अलग से सीट निर्धारित नहीं थी और यूनिवर्सिटी एमएसडब्ल्यू को समाजशास्त्र का एलाइड सब्जेक्ट नहीं मान रही हैं।

देवरीखुर्द के पास स्विफ्ट कार ने एम्बुलेंस को मारी टक्कर, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। पामगढ़ से मरीज को एम्बुलेंस से गौरव हास्पिटल ला रहे एम्बुलेंस को लापरवाहीपूर्वक कार चलाते हुए चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। एम्बुलेंस का एयर बेग खुलने से एम्बुलेंस सवार ड्राइवर और मरीजों को कोई चोट नहीं पहुंची है लेकिन एम्बुलेंस पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। तोरवा थाना में एम्बुलेंस के ड्राइवर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार बाराद्वारा सक्ती निवासी दीपक बरेठ पिता बलराम बरेठ पेशे से एम्बुलेंस का ड्राइवर है। 22 अक्टूबर की रात 9.45 मिनट को बीआर कर्ष अस्पताल पामगढ़ से मरीज व परिजनों को लेकर बिलासपुर के गौरव हास्पिटल आ रहा था। इस दौरान उसकी एम्बुलेंस क्रमांक सीजी 10 बीडब्यू 7733 छाबड़ा पैलेस देवरीखुर्द पहुंची थी। तभी दूसरी ओर से आ रहे स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 10बीजेड 8968 के चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक कार चलते हुए डिवाइडर के बीच से यू टर्न लेते हुए एम्बुलेंस को जोरदार टक्कर मार दी गई। जिससे एम्बुलेंस का एयरबेग खुल गया और ड्राइवर व मरीजों की जान बच गई। घटना के बाद एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त हो गई है। ड्राइवर ने कार चालक के खिलाफ तोरवा थाने में जुर्म दर्ज कराया है।

छत्तीसगढ़ में 14 लाख 56 हजार 626 वोटिंग | **एक लाख से अधिक की फीस ही जमा नहीं हुई**

यूथ कांग्रेस चुनाव: वोटिंग के बाद स्क्रूटनी व नतीजे का अतापता नहीं

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश में यूथ कांग्रेस का संगठन चुनाव तहत वोटिंग समाप्त हुए माहभर होने जा रहा है और अभी तक आनलाइन वोटों की स्क्रूटनी तक नहीं हुई है और न ही वोटिंग पश्चात नतीते का अतापता है। यूथ कांग्रेस संगठन चुनाव अंतर्गत छत्तीसगढ़ में 30 अगस्त से लेकर 29 सितंबर तक एप के माध्यम से आनलाइन वोटिंग हुई थी।

यूथ कांग्रेस संगठन चुनाव तहत आनलाइन वोटिंग एवं सदस्यता की प्रक्रिया एक माह तक चली। इसमें प्रदेशभर से 14 लाख 56 हजार 626 वोटिंग कराई गई है। इसमें से 13 लाख 53 हजार 506 वोटिंग करने वालों की आनलाइन सदस्यता शुल्क जमा हुआ है, जबकि 1 लाख 3 हजार 120 लोगों की सदस्या शुल्क जमा नहीं हुआ है। इसलिए शुल्क जमा नहीं होने वाले इन 1 लाख 3 हजार 120 वोट निरस्त हो जाएंगे। इसके अलावा अभी वोटिंग की स्क्रूटनी होना बाकी है, इसलिए स्क्रूटनी में भी बड़ी संख्या में वोट निरस्त होंगे। यूथ कांग्रेस चुनाव में स्टेट प्रेसीडेंट पद के लिए कुल 17 उम्मीदवार मैदान में हैं और किसे कितना वोट मिला यह नतीजे आने के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल न तो वोटिंग की स्क्रूटनी हुई है और न ही नतीजे कब तक आएंगे इसका कोई अतापता है।

यूथ कांग्रेस संगठन के लोगों का कहना है कि कम-कम से वोटिंग के बाद तीन माह का समय नतीजे आने में लग जाएगा। क्योंकि पिछले माह ही राजस्थान यूथ कांग्रेस चुनाव का परिणाम घोषित किया गया है, जबकि वहां पर मई-जून माह में चुनाव हुआ था। चूंकि राजस्थान में स्क्रूटनी दौरान लाखों वोट निरस्त किए गए हैं इसलिए छत्तीसगढ़ में भी बड़ी संख्या में वोट निरस्त होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा है।

बिलासपुर जिले में 1 लाख 49 हजार 833 वोटिंग

यूथ कांग्रेस चुनाव तहत एप के माध्यम से 30 अगस्त से 29 सितंबर तक आनलाइन वोटिंग कराई गई है। बिलासपुर जिले में शहर व ग्रामीण मिलाकर कुल 1 लाख 49 हजार 833 वोटिंग हुई है। इसमें 1 लाख 40 हजार 94 लोगों का सदस्यता शुल्क जमा हुआ है जबकि 9 हजार 739 लोगों की सदस्यता शुल्क ही जमा नहीं कराया गया, जिससे ये वोट निरस्त हो जाएंगे। ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने की होड़ में यूथ कांग्रेस चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों ने जल्दबाजी में आनलाइन सदस्य बनाकर वोटिंग तो करा दी, किन्तु उनमें से बहुत से सदस्यों का 75-75 रुपए सदस्यता शुल्क ही जमा नहीं हुआ था। बिलासपुर शहर में कुल 30 हजार 239 वोटिंग हुई है, जिसमें से 28 हजार 734 लोगों का सदस्यता शुल्क जमा हुआ है और 1505 लोगों का शुल्क जमा नहीं हुआ। इसी तरह बिलासपुर ग्रामीण में 1 लाख 19 हजार 594 वोटिंग में से 1 लाख 11 हजार 360 लोगों का शुल्क जमा हुआ और 8 हजार 234 लोगों का सदस्यता शुल्क जमा नहीं हुआ।

प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए ये 17 दावेदार

यूथ कांग्रेस चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष पद की दौड़ में 17 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें सत्येन्द्र चेलक, शैलेन्द्र बंजारे, विनोद कश्यप, भावेन्द्र गंगोत्री, दीक्षा पांडे, जसमीत शर्मा, कपिल कांत, मानव देशमुख, मृदुला भास्कर, परमीत बग्गा, प्रशांत बोकड़े, प्रीतिका विश्वकर्मा, प्रीति वैष्णव, सागर बाघमरे, सजल चन्द्राकर, शालिनी रामटेके और सोनिका पोर्ते शामिल हैं। लेकिन प्रमुख मुकाबला सत्येन्द्र चेलक और शैलेन्द्र बंजारे के बीच बताया जा रहा है। सत्येन्द्र चेलक पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल गुट से बताए जा रहे है, जबकि शैलेन्द्र बंजारे भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव गुट से है। इस तरह यह माना जा रहा है कि यूथ कांग्रेस चुनाव में भूपेश एवं देवेन्द्र गुट के प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है।

शहर के 6 व ग्रामीण अध्यक्ष के 7 दावेदार

बिलासपुर में यूथ कांग्रेस शहर अध्यक्ष पद के लिए 6 और ग्रामीण अध्यक्ष के लिए 7 उम्मीदवारों के बीच मुकाबला हो रहा है। बिलासपुर में शहर अध्यक्ष के लिए यूथ कांग्रेस से हरीश कलशा, मो. अयाज, शांतनू मेश्राम, सोहेल खलिक, तरूण यादव और विकास सिंह 6 उम्मीदवार मैदान में हैं। इसी तरह जिलाध्यक्ष ग्रामीण पद के लिए अजय कुमार, अनिल कौशिक, खेत्रो महानंद, मो. आशिक खान, राकेश कुमार, रामफल टेकाम, विनोद कुमार 7 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इस तरह यूथ कांग्रेस शहर अध्यक्ष और ग्रामीण अध्यक्ष पद के लिए इन्हीं उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होने जा रहा है।

सजने लगी दुकानें...





करवाचौथ के पहले बाजार में जगह-जगह दुकानें सजने लगी हैं, जहां करवा सहित अन्य सामाग्रियों की बिक्री की जा रही है।

दीपावली से छठ पर्व तक वेटिंग शतक पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवरात्रि से दीपावली और छठ पर्व तक रेल प्रशासन ने 100 से अधिक स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरु कर दिया है। इसके बावजूद बिलासपुर, उसलापुर से मेट्रो सिटी और मेट्रो सिटी से बिलासपुर और उसलापुर की ओर आने वाली मुख्य मेल, एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनो के स्लीपर और एसी कोच के बर्थ 20 नवम्बर तक फुल हो चुके हैं। मुख्य रूप से जम्मूतवी, संपर्क क्रांति, छत्तीसगढ़, उत्कल, यशवंतपुर, आजाद हिंद एवं मेल, सारनाथ, बरौनी व अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों का हाल ऐसा हो गया है कि नो रूम के कारण बर्थ की मारामारी शुरू हो चुकी है।

■ तत्काल में भी वेटिंग

नवरात्र के बाद दशहरा और आगामी दिनों में दीपावली के बाद छठ का पर्व पड़ने वाला है। प्रतिवर्ष दशहरा और दीपावली का पर्व मनाने के लिए लोग बाहर जाते हैं। वहीं बाहर कमाने खाने जाने वाले लोगों के अलावा पढ़ने वाले बच्चे अपने-अपने घर वापस होते हैं। इसके कारण फेस्टिवल सीजन में यात्रियों की भीड़ अधिक होने से बर्थ भी बड़ी मुश्किल से मिल पाती है। रेलवे ने भीड़ कम करने और ज्यादा से ज्यादा कंफर्म बर्थ देने के लिए पहले ट्रेन के संबंधित स्टेशन से रवाना होने के चार माह पहले ही रिजर्वेशन कराने की सुविधा दी थी, जिसे चेंज करने के बाद दो माह कर दिया गया है। रेलवे के इस बदले गए नियम से कई यात्रियों को परेशानी भी उठानी पड़ रही है। आरक्षण काउंटर बुकिंग के अलावा आनलाइन बुकिंग करते हुए लोग रातों रात अपनी बर्थ आरक्षित कर रहे हैं। वर्तमान स्थिति के अनुसार दो माह पहले ही हजारों की संख्या में एक साथ बुकिंग की जा चुकी है, जिसके कारण नई दिल्ली, पुणे, जम्मू, जयपुर कोटा व अन्य मेट्रो स्टेशन की ओर जाने वाली और अन्य स्टेशनों से बिलासपुर आने वाली ट्रेनों की स्थिति नो रूम में पहुंच गई है।

छठ में भी जाने वालों को नो रूम

छठ पर्व पर प्रतिवर्ष बिहार और उत्तरप्रदेश की ओर जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ रहती है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग सहित अन्य जिले से हजारों की संख्या में लोग छठ पर्व मनाने के लिए जाते हैं। इसकी वजह से बिहार, उत्तरप्रदेश, झारखंड की ट्रेनों में यात्री भीड़ से बचने के लिए दो माह पहले ही कंफर्म बर्थ और आरामदायक सफर करने के लिए बुकिंग कर रहे हैं। आरक्षण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आरक्षण कार्यालय के अनुसार छठ पर्व के दौरान मुख्य रूप से पटना, टाटानगर, उत्तरप्रदेश के साथ बिहार जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की काफी भीड़ हो चुकी है। 8 से 20 नवम्बर के बीच दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में 250, एसी थ्री में 91 वेटिंग, गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में 128, एसी थ्री में 68 वेटिंग, दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में 135, एसी थ्री में 39 वेटिंग, बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में 110, एसी थ्री में 48 वेटिंग और दुर्ग-राजेन्द्रनगर साउथ बिहार दानापुर एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में 183, एसी थ्री में 88 वेटिंग के कारण नोरूम की स्थिति बन गई है।

नवंबर तक की स्थिति

आरक्षण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार दीपावली और छठ पर्व से पहले ज्यादातर ट्रेनों के स्लीपर और एसी के बर्थ फुल हो चुके हैं। इसके तहत 20 नवम्बर तक मेट्रो स्टेशन से आने वाली मुख्य ट्रेनों में निजामुद्दीन-दुर्ग संपर्कक्रांति एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में बर्थ हैं, वहीं एसी थर्ड, सेकेंड और फर्स्ट में वेटिंग की स्थिति 30 से 34 के बीच, जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर से उसलापुर आने वाली एक्सप्रेस के स्लीपर में बर्थ उपलब्ध और एसी टू, थर्ड में वेटिंग 10 से 15 के बीच, पुणे से बिलासपुर होकर हावड़ा जाने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस के स्लीपर से लेकर एसी तक की स्थिति नो रूम के अलावा मुम्बई-हावड़ा मेल, ज्ञानेश्वरी, पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस में नो रूम की स्थिति बन गई है। इसी तरह बेंगलुरु, हैदराबाद से आने वाली यशवंतपुर एक्सप्रेस के एसी में नो रूम और स्लीपर में वेटिंग का आंकड़ा 150 से अधिक पहुंच गया है।

बिजनेस प्लस

तनिष्क में प्राकृतिक हीरों के आभूषणों की विशेष प्रदर्शनी 23 से



बिलासपुर। टाटा समूह के आभूषण ब्रांड तनिष्क की ओर से बिलासपुर में प्राकृतिक हीरों के आभूषणों की विशेष प्रदर्शनी का आयोजन 23 से 25 अक्टूबर तक किया जा रहा है। प्रदर्शनी में ब्रांड के नवीनतम कलेक्शन 'सोल्स इन सिम्फनी' को प्रस्तुत किया जा रहा है। रामा मैग्नेटो मॉल स्थित तनिष्क शोरूम में आयोजित इस प्रदर्शनी में ग्राहक प्राकृतिक हीरों से तैयार विभिन्न डिजाइनों के आभूषण देख सकेंगे। प्रदर्शनी का समय सुबह 10 बजे से निर्धारित किया गया है। वैवाहिक शादी के लिए और त्योहारी सीजन की खरीदारी जोरों की जा रही लोगों को नए नए कलेक्शन बहुत पसंद आ रहे है। इस अवसर पर पुराने सोने के एक्सचेंज पर विशेष सुविधा भी दी जा रही है। कंपनी के विज्ञापन के अनुसार, हीरे के आभूषणों की खरीद पर 18 कैरेट से शुरू होने वाले पुराने सोने के एक्सचेंज पर फ्लैट शून्य प्रतिशत कटौती का ऑफर उपलब्ध है। इसकी विस्तृत शर्तों की जानकारी शोरूम से प्राप्त की जा सकती है। प्रदर्शनी का आयोजन तनिष्क शोरूम, रामा मैग्नेटो मॉल, श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर में किया जा रहा है।

शादी और फेस्टिवल सीजन की रौनक बढ़ाएगा न्यू जनरेशन का द शादी शो



बिलासपुर। शादी-विवाह और फेस्टिव सीजन की बढ़ती रौनक के बीच मध्य भारत के प्रमुख फैमिली फैशन स्टोर न्यू जनरेशन ने अपने ग्राहकों के लिए विशेष फैशन आयोजन द शादी शो प्रस्तुत किया है।

इस आयोजन के माध्यम से पारंपरिक भारतीय परिधानों की खूबसूरती, आधुनिक फैशन ट्रेंड्स और उत्सवी अंदाज को एक साथ पेश किया जा रहा है। रायपुर और बिलासपुर स्थित न्यू जनरेशन स्टोर्स में वेडिंग एवं फेस्टिव कलेक्शन के साथ ग्राहकों को खरीदारी का एक खास अनुभव मिलेगा। भारतीय विवाह केवल एक समारोह नहीं, बल्कि परंपराओं, रिश्तों और खुशियों का उत्सव होता है। इसी भावना को केंद्र में रखते हुए न्यू जनरेशन का द शादी शो परिवार के हर सदस्य की पसंद और जरूरतों को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया है। महिलाओं के लिए आकर्षक एथनिक एवं पार्टी वियर, पुरुषों के लिए पारंपरिक और आधुनिक परिधान तथा बच्चों के लिए खूबसूरत फेस्टिव कलेक्शन उपलब्ध कराया गया है। बदलते फैशन ट्रेंड्स के अनुरूप रंगों, डिजाइन और पारंपरिक शैली का सुंदर समन्वय इस कलेक्शन को खास बनाता है। शादी की विभिन्न रस्मों से लेकर पारिवारिक समारोह और उत्सव के अवसरों तक, हर खास पल के लिए परिधानों के विकल्प इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण हैं। न्यू जनरेशन ने ग्राहकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए शनिवार और रविवार को रात 12 बजे तक स्टोर खुले रखने की विशेष पहल की है। इस मिडनाइट शॉपिंग अनुभव के माध्यम से कामकाजी लोगों और व्यस्त परिवारों को अपनी सुविधानुसार खरीदारी करने का अतिरिक्त अवसर मिलेगा। न्यू जनरेशन की पहचान एक ऐसे कंप्लीट फैमिली स्टोर के रूप में है, जहां पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए एथनिक, कैजुअल एवं पार्टी वियर की विविध रेंज एक ही स्थान पर उपलब्ध है। द शादी शो के माध्यम से ब्रांड का उद्देश्य ग्राहकों को नए फैशन ट्रेंड्स से जोड़ने के साथ पारिवारिक खरीदारी के अनुभव को और यादगार बनाना है। पारंपरिक परिधानों की गरिमा और आधुनिक फैशन की आकर्षक शैली का मेल इस विशेष आयोजन को उत्सवी सीजन में एक अलग पहचान देता है।

डिजिटल सेवाओं से सुशासन को मजबूत कर रहा एसईसीएल

बिलासपुर। स्पेशल कैम्पेन 6 के उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड डिजिटल सेवाओं के माध्यम से प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता और सेवा सुविधाओं की सुगमता को मजबूत कर रही है। कंपनी की हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम एचएमआईएस और पीपीओ/जीवन प्रमाण पत्र पोर्टल जैसी पहलें कर्मचारियों, पेंशनभोगियों एवं उनके परिजनों के लिए स्वास्थ्य और पेंशन संबंधी सेवाओं तक पहुंच आसान बना रही हैं।

कोयला मंत्रालय के अंतर्गत एसईसीएल की गई यह पहल कागजी कार्रवाई कम करने, अभिलेखों के व्यवस्थित प्रबंधन और सेवाओं के त्वरित निस्तारण के माध्यम से अभियान के सुशासन संबंधी उद्देश्यों को गति दे रही हैं। एसईसीएल का एचएमआईएस स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन के लिए एक एकीकृत डिजिटल मंच उपलब्ध कराता है। इसमें मरीजों के पंजीयन, चिकित्सकीय परामर्श, उपचार और दवाओं से संबंधित जानकारी डिजिटल रूप में दर्ज की जाती है। इससे चिकित्सा अभिलेखों का व्यवस्थित संधारण होता है तथा मरीज के पिछले उपचार की जानकारी प्राप्त करना आसान बनता है। इस प्रणाली में चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के ऑनलाइन प्रसंस्करण की सुविधा भी उपलब्ध है। अमृत फार्मेसी के एकीकरण और दवा प्रबंधन से जुड़ी सुविधाएं प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने में सहायता कर रही हैं। सेवानिवृत्त कर्मचारियों तथा दिवंगत कर्मचारियों के पात्र जीवनसाथियों की सुविधा के लिए एसईसीएल ने केंद्रीकृत पीपीओ/जीवन प्रमाण पत्र पोर्टल विकसित किया है। इसके माध्यम से पेंशन भुगतान आदेश ऑनलाइन प्राप्त और डाउनलोड किए जा सकते हैं। पोर्टल वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र डिजिटल माध्यम से जमा करने की प्रक्रिया को भी सरल बनाता है। इस व्यवस्था से भौतिक दस्तावेजों और मैनुअल प्रक्रियाओं पर निर्भरता कम होती है। पोर्टल से जुड़ा गवर्नेंस डैशबोर्ड एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में पीपीओ अपलोड और संबंधित अनुपालन की निगरानी में सहायता करता है। इससे कार्यों की प्रगति की समीक्षा तथा प्रशासनिक समन्वय अधिक प्रभावी होता है। स्पेशल कैम्पेन 6 का क्रियान्वयन चरण 2 से 31 अक्टूबर तक संचालित किया जा रहा है। अभियान में स्वच्छता, ई-वेस्ट प्रबंधन, उपलब्ध स्थान के बेहतर उपयोग, अभिलेख प्रबंधन और लंबित मामलों के निपटारे पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एसईसीएल की डिजिटल पहलें इन उद्देश्यों के अनुरूप कागजरहित कार्यप्रणाली, बेहतर रिकॉर्ड प्रबंधन और सेवाओं की आसान उपलब्धता को बढ़ावा दे रही हैं। एचएमआईएस और पीपीओ/जीवन प्रमाण पत्र पोर्टल के माध्यम से कंपनी कर्मचारियों, पेंशन भोगियों एवं उनके परिवारों के लिए आवश्यक सेवाओं को अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

स्पेशल कैम्पेन 6: कई सेवाओं तक पहुंच आसान बना रही



युवक के साथ जमकर मारपीट, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। दुर्गा विसर्जन के दौरान धुमाल निकालने के द्वारा गाने के लिए माइक नहीं देना युवक को भारी पड़ गया। दो लोगों ने मिलकर युवक की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मामला सरकंडा थाना का है। बसंत विहार कालोनी निवासी विशाल दास महंत पिता स्व राजू दास महंत इवेंट मैनेजमेंट का काम करता है। 22 अक्टूबर की रात 11 बजे दुर्गा विसर्जन में लगे धुमाल लेकर निकल रहा था, चिंगराज पारा के देवनचाल के पास पहुंचा था कि सत्तू ध्रुव व उसके पिता ने धुमाल में गाना गाने के लिए माइक की डिमांड कर दी। युवक ने कहा कि धुमाल में माइक नहीं लगाया गया है। जिसके बाद पिता-पुत्र ने युवक को गाड़ी से बाहर उतार कर पीट दिया। जिससे उसके सिर और अन्य जगहों पर चोट पहुंची है।

चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉफ्रेंस संपन्न



बिलासपुर। चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेज के अंतर्गत संचालित चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से 23 एवं 24 अक्टूबर को दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल चीफ पैट्रन के रूप में, मुख्य अतिथि डॉ. प्रताप सिंह देसाई, प्रेसिडेंट, इंडियन सोसाइटी फॉर टेक्निकल एजुकेशन, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.केसी महाजन, एडवाइजर डॉ.बीएस चावला, डॉ. नितिन जैन उपस्थित रहे। कॉफ्रेंस में मुख्य वक्ताओं के रूप में डॉ.हर्ष वर्मा, डॉ.राहुल तिवारी, डॉ.मीनाक्षी सूद ने अपने विचार एवं तकनीकी अनुभव साझा किए। आयोजन डॉ. शुभ लक्ष्मी तिवारी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के समस्त विभागों के संयुक्त सहयोग से किया गया। प्राप्त शोध पत्रों के संकलन से तैयार की गई पुस्तक का विमोचन भी किया गया। डॉ.प्रताप सिंह देसाई प्रेसिडेंट, इंडियन सोसाइटी फॉर टेक्निकल एजुकेशन ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, शोध एवं सतत विकास की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ.आशीष जायसवाल ने कहा कि आधुनिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवाचार, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास को प्राथमिकता देना समय की आवश्यकता है। दो दिवसीय आयोजन में पोस्टर प्रेजेंटेशन का भी आयोजन किया गया। इसमें अनिकेत चौबे एनआईटी रायपुर के छात्र जिनका विषय फूड वेस्ट पर आधारित था, उन्होंने प्रथम स्थान तथा संजना सूफी सिविल विभाग की छात्रा ने द्वतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के एडवाइजर डॉ.बीएस चावला ने टीम का आभार व्यक्त किया।

एजुकेशन प्लस

क्रेडाई: एक छत के नीचे मिलेंगे 40 से अधिक बिल्डर्स

बिलासपुर। शहर के रियल एस्टेट क्षेत्र को नई गति देने और आम नागरिकों को प्रॉपर्टी खरीदने के बेहतर विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्रेड़ाई बिलासपुर द्वारा आयोजित क्रेड़ाई बिलासपुर प्रापर्टी एक्सपो का शुभारंभ 30 अक्टूबर को कुंदन पैलेस श्रीकांत वर्मा मार्ग में होगा।

तीन दिवसीय यह आयोजन 30, 31 अक्टूबर तथा 1 नवंबर तक चलेगा। एक्सपो में 40 से अधिक बिल्डर्स एवं डेवलपर्स की सहभागिता रहेगी। यहां शहरवासियों को प्लॉट, मकान, दुकान एवं अन्य रियल एस्टेट विकल्पों की जानकारी एक ही स्थान पर प्राप्त होगी। आयोजन का उद्देश्य प्रॉपर्टी खरीदारों और डेवलपर्स के बीच सीधा संवाद स्थापित करना तथा लोगों को उनकी आवश्यकताओं और बजट के अनुरूप विकल्प चुनने में सहायता प्रदान करना है। प्रॉपर्टी खरीदने के इच्छुक लोगों के लिए आकर्षक ऑफर्स भी प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजकों द्वारा रजिस्ट्री शुल्क पर 50 प्रतिशत की छूट का प्रस्ताव प्रमुख आकर्षण के रूप में रखा गया है। यह लाभ संबंधित नियमों एवं पात्रता की शर्तों के अधीन होगा।

आयोजन में परिवारों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किड्स प्ले ज़ोन और फूड ज़ोन की व्यवस्था भी रहेगी। इससे प्रॉपर्टी खरीदने के इच्छुक नागरिकों को जानकारी एवं विकल्प उपलब्ध कराने के साथ-साथ परिवार के साथ आयोजन का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता, विश्वसनीयता और ग्राहकों को बेहतर विकल्प उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक्सपो बिलासपुर के प्रॉपर्टी बाजार के लिए महत्वपूर्ण मंच साबित हो सकता है। आयोजन के माध्यम से शहरवासियों को विभिन्न परियोजनाओं की तुलना करने और अपनी जरूरतों के अनुसार निर्णय लेने का अवसर मिलेगा।

खबर संक्षेप

पाटलीपुत्र संस्कृति विकास मंच की बैठक आज

बिलासपुर। पाटलीपुत्र संस्कृति विकास मंच के तत्वाधान में छठघाट पर बड़े धूमधाम से छठ महापर्व मनाया जाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में पाटलीपुत्र के अध्यक्ष की ओर से जानकारी दी गई है कि छठ पर्व को सुव्यस्थित रूप से मनाने रविवार की शाम 4 बजे छठ घाट पर पाटलीपुत्र, भोजपुरी ए सहजानंद एवं छठ पर्व से जुड़े श्रद्धालु भक्तों की आवष्यक बैठक रखी गई है। बैठक में छठ पूजा समिति का गठन कर कार्यक्रम को रूपरेखा तैयार करने हेतु चर्चा की जाएगी। अध्यक्ष प्रवीण झा ने निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होकर अपने विचारों एवं सुझावों से छठ पूजा को सफल बनानें में सहयोग करने अनुरोध किया है।

पुनर्वास सेंटर में कार्यशाला का आयोजन आज

बिलासपुर। श्री क्लिनिक ऑक्यूपेशनल थेरेपी, फिजियोथेरेपी व पुर्नवाश सेंटर ईदगाह चौक में रविवार की सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे को वृद्धजनों के जीवन मे होने बदलाव व परेशानी जैसे चलना, उठना, बैठना, नींद न आना, खाना, सुनना व जोड़ो व किसी अन्य रोगो के कारण होने वाली समस्याओ के निवारण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अधिक से अधिक वृद्धजन भाग लेकर लाभ ले सकते हैं।

मतदाता सूची में पंजीयन अभियान 31 तक



बिलासपुर। विधायक अमर अग्रवाल के मार्गदर्शन पर मतदाता सूची पंजीयन विशेष अभियान के तहत जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल ने मध्य मंडल उत्तर मंडल दक्षिण मंडल में बैठक ली। इस अवसर पर समस्त पदाधिकारी वार्ड अध्यक्ष बीएलए 2 की बैठक लेकर जानकारी देते हुए कहा कि एसआईआर के पश्चात निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाता सूची में पंजीयन हेतु एक विशेष अभियान 31 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जो छूटे हुए और पहली बार युवा मतदाताओं के पंजीयन हेतु बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर फॉर्म 6 भरकर एवं सत्यापन कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। सभी मतदान केंद्रो में 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक मतदाता सूची का कार्य होगा, जहां जाकर भी नाम जुड़वा सकते हैं। इस अवसर पर मध्य मंडल के अध्यक्ष देवेंद्र पाठक, दक्षिण मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, उत्तर मंडल के अध्यक्ष मनोज सोनी, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष स्नेहलता शर्मा, महामंत्री राजेश मिश्रा, दीपक साहू, श्रीकांत सहारे, जगदीश साव, पार्षद बंधु मौर्य, रंग नादम, आशीष गुप्ता, विजय ताम्रकार, श्याम साहू, चंद्रप्रकाश मिश्रा, महेश चंद्रिकापुरे, अरुण दीक्षित सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

घर छोड़कर भागी दो बहनों को पुलिस ने खोजा

बिलासपुर। माता पिता के डांट से दो मामूम बहनें घर से भाग गई थीं।



परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने 12 घण्टे के भीतर दोनों को खोजकर परिजन को लौटा दिया। उसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। सकरी टीआई संजय शिंदे ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक दंपती रोजी मजदूरी का काम करते हैं। 22 अक्टूबर को किसी बात को लेकर माता पिता ने 13 व 12 साल की बेटी को डांट दिए। माता पिता के काम पर जाने बाद दोनों बहन घर छोड़कर भाग गईं। शाम को काम से लौटने पर बेटियों के नहीं मिलने पर माता पिता ने आसपास क्षेत्र में पतासाजी की। नहीं मिलने पर सकरी थाने में जाकर रिपोर्ट लिखाई। श्री शिंदे मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों बच्चियों की तलाश में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद मंगला स्थित पार्क से दोनों बहनों को सुरक्षित बरामद किया गया। बहनों के मिलने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। माता पिता ने बेटियों के मिलने पर सकरी पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

अधूरे आवेदन स्वीकार नहीं किए जा रहे

28 अक्टूबर तक आवेदन जमा करना है लेकिन कुल 2246 सीटों के लिए 2 हजार से कम आवेदन पहुंचे

8 वीं पढ़ने वाले छात्र कमाएंगे 1000 रुपए, योजना के बारे में जानकारी ही नहीं, इसलिए खाली जा रही सीटें

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में अब आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों की मौज होने वाली है। छात्रों को हर महीने 1000 रुपए मिलने वाला है। दरअसल, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने राष्ट्रीय साधन सह-प्रवीण्य छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन मंगाए हैं।



हालांकि इस योजना के बारे में जागरूकता की कमी एक बड़ी समस्या है, जिससे कई जरूरतमंद छात्र इस लाभ से वंचित रह जाते हैं। हर साल सीटें खालीं रह जा रही हैं। कम पंजीकरण और समय पर सत्यापन नहीं होने के कारण निर्धारित कोटे की सीटें खाली रह जा रही हैं। इस बार भी 28 अक्टूबर तक आवेदन जमा करना है लेकिन कुल 2246 सीटों के लिए 2 हजार से कम आवेदन ही पहुंचे हैं। यह भी जानकारी मिल रही है कि कई अधूरे आवेदन किए गए हैं जिसे स्वीकार नहीं किया जा रहा है। गलत जानकारी या नाम की स्पेलिंग में गलती भी सामने आ रही है। गौरतलब है कि इस परीक्षा में चयनित आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययन के लिए हर महीने 1000 रुपए की छात्रवृत्ति केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। इस तरह छात्रों को एक साल में 12 हजार रुपए और चार साल में यह छात्रवृत्ति की राशि कुल 48 हजार रुपए की मिलेगी। इस योजना के लिए 7वीं में कम से कम 55% अंक होना जरूरी है। अनुसूचित जाति और जनजाति के विद्यार्थियों को 5% की छूट मिलेगी। माता-पिता या पालक की सभी स्रोतों से सालाना आय 3.50 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए।

कठिन पात्रता एवं न्यूनतम अंक

अधिकारियों के अनुसार दूर-दराज और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों एवं अभिभावकों को इस परीक्षा और योजना की जानकारी सही समय पर नहीं मिल पाती है। इसके साथ ही छात्रों को कक्षा 7वीं और 8वीं में न्यूनतम 55% अंक (आरक्षित वर्ग के लिए 50%) प्राप्त करना अनिवार्य होता है, जिससे कई बच्चे पात्र नहीं हो पाते हैं। इसके साथ ही दस्तावेजों और आय प्रमाण पत्र की समस्या सामने आ रही है। इसमें माता-,पिता की वार्षिक आय सीमा (वर्तमान में साढ़े तीन लाख) का प्रमाण पत्र समय पर नहीं बन पाना या बैंक खाते में आधार सीडिंग नहीं होना भी एक कारण है। इसके साथ ही केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल और निजी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र इस योजना में शामिल नहीं हो सकते, जिससे सरकारी स्कूलों से सीमित संख्या ही आवेदन करती है।

इसलिए हो रही परेशाानी

- वन-टाइम रजिस्ट्रेशन - राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) पर आवेदन करने के लिए छात्रों को पहले वन-टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) करना अनिवार्य है, जिसे लेकर कई बार तकनीकी या जानकारी के अभाव में देरी हो रही है।
- स्कूलों की लापरवाही- कई सरकारी स्कूलों द्वारा समय पर विद्यार्थियों का पंजीकरण या दस्तावेजों का सत्यापन नहीं किया जा रहा है।
- समय पर जानकारी का अभाव- ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के बच्चों या उनके अभिभावकों को अंतिम तारीख और प्रक्रिया की सही जानकारी नहीं मिल पा रही है।

12 दिसंबर को दो पालियों में होगी परीक्षा

अधिकारियों के अनुसार विद्यार्थी 28 अक्टूबर तक अपना भरा हुआ आवेदन पत्र जरूरी दस्तावेजों के साथ संबंधित स्कूल में जमा कर सकेंगे। इसके बाद स्कूल प्रमुख को प्राप्त आवेदन पत्र, प्रवेश पत्र, दस्तावेज और विद्यार्थियों की सूची 31 अक्टूबर तक जिले के निर्धारित परीक्षा केंद्र में जमा करनी होगी। परीक्षा केंद्राध्यक्ष को स्कूलों से मिले आवेदनों और दस्तावेजों के आधार पर 12 नवंबर तक मंडल के पोर्टल पर ऑनलाइन एंट्री पूरी करनी होगी। आवेदन में नाम की स्पेलिंग और दूसरी जानकारियों की जांच की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी। इसकी परीक्षा 12 दिसंबर 2026, शनिवार को आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पेपर में होगी। पहला पेपर सुबह 10 बजे से 11:30 बजे तक और दूसरा पेपर दोपहर 1 बजे से 2:30 बजे तक होगा।

पंजीयन जारी है

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने राष्ट्रीय साधन सह-प्रवीण्य छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन मंगाए हैं। चयनित आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययन के लिए हर महीने 1000 रुपए की छात्रवृत्ति केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। पंजीयन जारी है।

- संदीप पांडे, जिला शिक्षा अधिकारी

निर्माण कार्यों में तेजी लाने कलेक्टर और कमिश्नर ने किया निरीक्षण

शहर में 60 करोड़ में बन रही सड़क-नाली, हर जगह धूल, कलेक्टर ने पानी छिड़काव करने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में सड़क अधोसंरचना को बेहतर बनाने और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से कलेक्टर संजय अग्रवाल ने नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे के साथ शहर में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) एवं नगर निगम द्वारा कराए जा रहे विभिन्न सड़क विकास कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों के दौरान नागरिकों को अनावश्यक असुविधा न हो और यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने दयालबंद से दरीघाट तक सड़क मजबूतीकरण तथा लाल खदान ओवरब्रिज के आगे से दरीघाट तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया। लगभग 30 करोड़ रुपए की लागत से किए जा रहे निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को दूर करने के संबंध में कलेक्टर ने सीएसईबी के पोल शिफ्टिंग कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण कराने कहा। कलेक्टर ने निर्माणाधीन सड़क पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव करने, यातायात पुलिस के साथ समन्वय बनाकर यातायात व्यवस्था सुचारु रखने तथा दुर्घटनाओं की आशंका को रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



अशोक नगर चौक से बिरकोना गौरव पथ का भी लिया जायजा

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के अंतर्गत लगभग 17 करोड़ रुपए की लागत से अशोक नगर चौक से बिरकोना तक बनाए जा रहे गौरव पथ का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने साइंस कॉलेज से शनिचरी रपटा तक लगभग साढ़े चार करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। निर्माण कार्यों के दौरान नागरिकों की सुविधा, सड़क सुरक्षा, धूल नियंत्रण और सुचारु यातायात व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए।

नौ करोड़ का सड़क चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण

इसके पश्चात कलेक्टर ने गुरुनानक चौक से स्मृति वन तथा स्मृति वन से शक्ति चौक तक लगभग नौ करोड़ रुपए की लागत से मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के अंतर्गत किए जा रहे सड़क चौड़ीकरण, डिवाइडर निर्माण एवं लाइटिंग कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों एवं ठेकेदारों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाएं, ताकि आम नागरिकों और वाहन चालकों को परेशानी न हो। सड़क पर धूल उड़ने से रोकने के लिए नियमित पानी का छिड़काव करने तथा कार्यस्थल पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

डामर की बढ़ी कीमतों ने काम रोका

डामरीकरण के संशोधित दरों एवं प्राक्कलन से संबंधित प्रक्रिया के कारण डामरीकरण का कार्य शुरू नहीं हो पाने की जानकारी पर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासन से संशोधित दरों के संबंध में आदेश प्राप्त होने तक अन्य शेष निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए और डामरीकरण के लिए आवश्यक तैयारियां पहले से सुनिश्चित रखी जाएं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में शासन स्तर पर पत्राचार किया गया है, ताकि प्रक्रिया पूर्ण होते ही डामरीकरण का कार्य प्रारंभ किया जा सके।

जलती चिता में घुस गया आटो, मामा-भांजा झुलसे

मामा की हालत खराब, बर्न वार्ड में चल रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दादी की अंत्येष्टि में शामिल होने पहुंचे मामा-भांजा का आटो सीधे जलती चिता में घुस गया, जिससे आटो चला रहे मामा के अलावा उसमें सवार भांजा भी झुलस गया। धधकती आग से बमुश्किल दोनों को निकाला गया, फिलहाल दोनों का इलाज सिम्स में चल रहा है।

घटना मंगला धूरीपारा स्थित मुक्तिधाम की है। जहां 22 अक्टूबर को मामा दशरथ सिंह पिता रामेश्वर सिंह और भांजा सोनू ठाकुर पिता धर्म सिंह राजपूत अपनी दादी के अंतेष्टि में शामिल होने मुक्तिधाम पहुंचे थे। इस दौरान अंतेष्टि कार्य जारी था, मुक्तिधाम में दशरथ द्वारा चलाए जा रहे आटो का एक्सीलेटर अधिक तेजी से घूम गया, जिससे आटो सीधे जलती चिता में जा घुसा, देखते देखते ही कोहराम मच गया। इस दौरान उनका भांजा सोनू ठाकुर भी आटो में मौजूद था। जैसे तैसे सोनू ने अपने पैर आटो ने निकाले और आटो को धक्का दिया, लेकिन आटो टस से मस नहीं हो सका। इसके बाद आसपास के लोगों की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया, इस दौरान दशरथ सिंह का शरीर 60 फीसदी तक झुलस गया था। परिजनों ने दोनों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती किया है, जहां बर्न यूनिट में उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि मामा की हालत खराब है, कमर के नीचे का ज्यादातर हिस्सा जल चुका है।





■ मंगला धूरीपारा की घटना

कोरबा का रहने वाला है सोनू

मिली जानकारी के अनुसार महाराणा प्रताप चौक निवासी दशरथ सिंह आटो चलता है। वहीं सोनू ठाकुर कोरबा का रहने वाला है और बीकॉम फाइनल ईयर में पढ़ाई कर रहा है। फिलहाल दोनों के शरीर में फफोले पड़ चुके हैं। डाक्टरों का कहना है कि जिस दौरान मरीज अस्पताल पहुंचे थे, उनकी हालत काफी नाजुक थी, लेकिन सोनू ठाकुर खतरे से बाहर आ चुका है, जबकि दशरथ का इलाज जारी है। हादसे के बाद आटो पूरी तरह राख हो चुकी है, घटना से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

जुआ खेलते 10 जुआरी गिरफ्तार, जमानत पर रिहा



बिलासपुर। दीपावली नजदीक आते ही जुआरियों की महफिल सजने लगी है। पुलिस ने जुआ खेलते 10 जुआरियों को पकड़कर 10 हजार 500 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर थाने से छोड़ दिया है।

सकरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरधौना गौठान के पास दबिश देकर जुआ खेलते तखतपुर मोंछ निवासीलेखू सिंगरौले पिता लतेल 52 साल, भुलउराम सिंगरौल पिता सीताराम 39 साल, सुनील सिंगरौल पिता रूपचंद 32 साल, संतोष ध्रुव पिता बेदूराम ध्रुव 40 व गिरधौना निवासी नरेनद्र सिंगरौल पिता अजय 36 साल, नोहर कुमार सिंगरौल पिता पुनाराम सिंगरौल 45 साल, भागीरथी साहू पिता प्रहलाद साहू 26 साल, श्रवण कुमार जायसवाल पिता रामरतन 42 साल, दशरथ कैवर्त पिता फेकू 28 साल को पकड़कर उनके पास से 10 हजार 500 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर थाने से छोड़ दिया है। इसके पूर्व 19 अक्टूबर को सकरी क्षेत्र के जोंकी में मंगला के 10 जुआरियों को पकड़कर 16 हजार 300 रुपए जब्त किया गया था।

रेलवे देगी यात्रियों को टिकट बुकिंग में बीमा की सुविधा

बिलासपुर। आईआरसीटीसी व अन्य वेबसाइट में की गई आनलाइन बुकिंग में बीमा की सुविधा की तरह अब रेलवे भी इस योजना को शुरु करने जा रही है। आरक्षण कार्यालय में बुकिंग के दौरान यात्री बीमा की सुविधा ले सकेंगे, जिसकी शुरुआत 27 अक्टूबर से तीनों डिवीजन में हो रही है।

■ 27 से लागू होगी योजना

रेल प्रशासन ने स्लीपर, एसी कोच में सफर करने वाले यात्रियों के लिए आनलाइन और आफलाइन बुकिंग की सुविधा दी है। आनलाइन की सुविधा के लिए यात्री आईआरसीटीसी या अन्य वेबसाइट के माध्यम से बुकिंग करते हैं, जिसमें यात्रियों को बुकिंग के दौरान किसी भी तरह की दुर्घटना की आशंका को देखते हुए बीमा की सुविधा दी गई है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा आरक्षण काउंटरों पीआरएस से आरक्षित टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को भी यात्रा बीमा की सुविधा उपलब्ध कराने की पहल की गई है। यह सुविधा 27 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। इस सुविधा के अंतर्गत आरक्षण काउंटर से टिकट बुक कराने वाले यात्री निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यात्रा बीमा का विकल्प चुन सकेंगे। इसके लिए टिकट बुकिंग के समय डिजिटल माध्यम से भुगतान तथा वैध मोबाइल नंबर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। यात्रा बीमा के अंतर्गत रेल दुर्घटना अथवा पॉलिसी में निर्धारित आकस्मिक घटनाओं की स्थिति में मृत्यु, स्थायी पूर्ण दिव्यांगता, स्थायी आंशिक दिव्यांगता, दुर्घटना के कारण अस्पताल में भर्ती होने पर चिकित्सा व्यय तथा पार्थिव शरीर के परिवहन के लिए बीमा सुरक्षा का प्रावधान है।

चोरी की दो बाइक जब्त, नाबालिग सहित 5 आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। पुलिस ने नाबालिग सहित पांच युवकों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी की दो बाइक जब्त की है।

सकरी टीआई संजय सिंदे ने बताया, क्षेत्र के आशु कुमार यादव की बाइक क्रमांक सीजी 10 एएस, 6106 चोरी हो गई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों के पतासाजी में जुट गई थी। एसआई गणेशराम महिलांगे, मनोज बघेल सहित अन्य ने मयंक उपाध्याय पिता श्याम सुंदर 21 साल सैदा जूनापारा, हर्ष वैष्णव उर्फ अवि पिता पुरूषोत्तम वैष्णव 19 साल सैदा दीनदयाल कालोनी, अभिषेक सिंह पिता दिलीप सिंह 22 साल कुदूदण्ड लव सिंह गली, अखिलेश्वर कीर्ति उर्फ कक्कू पिता अखिलेश कीर्ति 20 साल नेहरू नगर व एक नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर सभी ने उक्त बाइक के अलावा एक अन्य बाइक भी चोरी करना स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी की 2 बाइक जब्त की गई है। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया है।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

गर्भवती महिला की सिकलिंग रिपोर्ट गलत, मचा हंगामा

बिलासपुर। गर्भवती महिला की ब्लड जांच में खासी लापरवाही बरती जा रही है, बिल्हा सीएचसी और प्राइवेट ब्लड सेंटर में जहां सिकलिंग की रिपोर्ट नेगेटिव आ रही है, वहीं सिम्स जैसे अस्पताल में रिपोर्ट पाजिटिव पाई गई है, जिसके बाद परिजनों ने डाक्टर और स्टाफ पर जांच में लापरवाही का आरोप लगाया है।

मामले के अनुसार चकरभाठा क्षेत्र के गांव कया की रहने वाली शांता लोनिया पति अरूण लोनिया 5 माह से गर्भवती है, बिल्हा सीएससी में शांता ने रूटिन टेस्ट कराया था, जहां उसकी ब्लड रिपोर्ट में सिकलिंग नेगेटिव पाई गई थी। 15 अक्टूबर को इलाज के लिए शांता को सिम्स के ओपीडी पहुंची, इस दौरान गायनोकोलॉजी के डाक्टरों ने पुनः ब्लड रिपोर्ट और सिकलिंग की रिपोर्ट कराने के लिए कहा, जिसके बाद शांता और पति अरूण ने दोनों का ब्लड सैंपल सिम्स के पैथोलैब में जमा कराया। इस दौरान दोनों की रिपोर्ट सिकलिंग पाजिटिव पाई गई, लेकिन शांता को रिपोर्ट पर शक हो गया, जिसके बाद 23 अक्टूबर को दोबारा रूटिन जांच से पहले शांता ने निजी पैथोलैब से पति-पत्नी ने सिकलिंग की जांच कराई, जहां रिपोर्ट एक बार फिर नेगेटिव पाई गई। पति-पत्नि रिपोर्ट लेकर सिम्स पहुंचे और गायनोकोलॉजी के डाक्टरों को जानकारी दी, डाक्टरों ने निजी लैब से हुई जांच को सही पाया है।

मजदूरी से कर रहे जीवन यापन

पीड़िता शांता लोनिया ने बताया कि सिम्स में आधुनिक मशीनों से जांच होने का दावा किया जाता है, लेकिन यहां की मशीनें गलत रिपोर्ट दे रही है। उसने कहा कि मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले ज्यादातर मरीज इसी आस में सिम्स पहुंचते हैं कि उन्हें समय पर किफायती दर पर इलाज मिल सके। लेकिन यहां इलाज कराना लोगों को भारी पड़ सकता है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. ऐश्वर्या मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

